R.N I NO.
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachievertimes.com

डाक पंजियन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन.पी./489/2015-2017

वर्ष : 9
अंक : 153
लखनऊ
शनिवार, 23 सितम्बर 2023
पृष्ठ : 8
मूल्य : 3 रुपया

# द अचीवर टाइम्स



**फास्ट न्यूज**

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 8 वर्षीय बच्चे को रौंदा, दर्दनाक मौत

नोएडा (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर 58 थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई है। बीते दिन मृतक के पिता ने स्थानीय थाने में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि कृष्ण नंदन राम नाम के एक व्यक्ति ने अपने बेटे अजीत की हादसे में मौत होने के संबंध में बृहस्पतिवार रात शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, बुधवार शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अजीत को टक्कर मार दी, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि अजीत को नोएडा स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए बाद में उसे दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। सिंह ने बताया कि कृष्ण नंदन राम के अनुसार, उसके बेटे की बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जापानी राइडर की रेसिंग बाइक क्रैश

**नोएडा (यूएनएस)।** ग्रेटर नोएडा में पहली बार दुनिया के शीर्ष बाइक राइडर्स का जमावड़ा लगने जा रहा है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होने जा रहे मोटोजीपी के प्रैक्टिस सेशन में जापानी राइडर टाइयो फ्रस्टा क्रैश का शिकार हो गए। मोटो-3 में होंडा टीम एशिया की ओर से रेस कर रहे थे। अचानक उनकी बाइक स्किड कर गई। जिससे काफी दूर तक फिसलते हुए चले गए। हालांकि सेफ्टी गार्ड और सेफ सूट की वजह से उनको चोट नहीं लगी है। मौके पर तुरंत हेल्थ टीम पहुंच गई थी। वो ठीक हैं। उन्होंने एशिया टैलेंट कप में हिस्सा लिया था। 2021 में चौंपियनशिप जीती थी। मोटोजीपी भारत 2023 रफ्तार के रोमांच के लिए बीआईसी तैयार है। भारत में दर्शक 41 टीमों के 82 राइडर के रफ्तार का रोमांच देखेंगे। हर टीम में दो राइडर होंगे। आज पहले दिन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक प्रैक्टिस सेशन होगा। शनिवार को प्रैक्टिस सेशन के साथ साथ क्वालिफाइड और 12-लैप मोटोजीपी टिसोट स्प्रिंट भी होगा। रविवार को वार्म-अप के बाद तीनों कैटेगरी (मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी) की मुख्य रेस होंगी।

# महिला आरक्षण बिल हमारा कमिटमेंट था: प्रधानमंत्री

## जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं

**आरक्षण बिल**

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद शुक्रवार को भाजपा ने दिल्ली मुख्यालय में जश्न मनाया। महिला कार्यकताओं ने ढट नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और और धन्यवाद दिया। इस मौके पर ढट ने महिला कार्यकताओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मोदी ने 40 मिनट की स्पीच में कहा, मैं आज देश की हर माता-बहन और बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसों 20 और 21 सितंबर को हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये अवसर हमें मिला है। आने वाली हर पीढ़ी तक इस दिवस की और इस निर्णय की चर्चा होगी।' उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए भाजपा तीन दशक से कोशिश कर रही थी। ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं। उधर, भाजपा कार्यालय के बाहर सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता पहुंचने लगी थीं। उन्होंने गुलाल लगाकर और मिठाई बांटकर बिल के पास होने का जश्न मनाया।



'कभी-कभी किसी निर्णय में देश का भाग्य बदलने की क्षमता होती है। हम ऐसे ही निर्णय के साक्षी हैं। जिस बात को देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था। वो सपना अब साकार हुआ है। यह देश के लिए खास समय है। यह भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए भी खास है। 'आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें बेटियां खुशी मना रही हैं। हमें आशीर्वाद दे रही हैं। करोड़ों माताओं बहनों के सपनों को साकार करने का आशीर्वाद हम भाजपा के कार्यकताओं को मिला है। यह हमारे लिए गौरव करने का दिन है।' ' यह कोई सामान्य कानून नहीं है। यह नए भारत का उद्घोष है। यह बहुत बड़ा और मजबूत कदम है। महिलाओं का जीवन सुधारने के लिए जो गारंटी मोदी ने दी थी, उसका यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। मेरे देश की हर माता,बहन और बेटी को मैं फिर से बहुत-बहुत बधाई देता हूं।'

'इस कानून के जरिए भाजपा महिलाओं की भागीदारी के लिए 3 दशक से प्रयास कर रही थी। यह हमारा कमिटमेंट था। आज हमने इसे पूरा कर दिया है। इसमें कई बाधाएं थीं,, लेकिन जब नीयत पवित्र हो तो परेशानियों को पार करके भी परिणाम लाती है।'\ 'यह अपने आप में रिकॉर्ड है कि इस कानून को संसद के दोनों सदनों में व्यापक समर्थन मिला। पक्ष-विपक्ष ने भी राजनीति से उठकर इसका समर्थन किया। मैं सबको धन्यवाद देता हूं।'

### कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है, ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। साथ ही उन्होंने कहा कि ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी। पीएम मोदी ने कहा, श्ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। बीते 9 सालों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिश को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।

केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था। 20 सितंबर को लोकसभा में 7 घंटे की चर्चा के बाद यह बिल पास हो गया। इसके पक्ष में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। 21 सितंबर को बिल राज्यसभा में पेश हुआ। सदन में मौजूद सभी 214 सांसदों ने बिल का समर्थन किया और बिल पास हो गया। अब ये बिल विधानसभाओं में भेजा जाएगा। 50% विधानसभाओं से पारित होने के बाद राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनके हस्ताक्षर से यह कानून बन जाएगा।

22 सितंबर को खत्म होने वाल ये विशेष सत्र 21 सितंबर को राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल के पास होते ही खत्म हो गया। बिल के पास होने पर ढट मोदी ने कहा- इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना, ये हमारे देश की नारी शक्ति को एक नई ऊर्जा देने वाली है। विशेष सत्र के आखिरी और चौथे दिन महिला सांसदों ने ढट मोदी के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।

### कल्याणकारी राज्य से पीछे हटी सरकार

**लखनऊ (यूएनएस)।** कल्याणकारी राज्य से सरकारें पीछे हट रही हैं। जो कानून मजदूरों के लिए बने हैं उन्हें लागू नहीं किया जा रहा है और मजदूरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कानून बनाने के लिए सरकार तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश के 100 से ज्यादा संगठनों ने मिलकर साझा मंच के बैनर से पहल ली है और असंगठित मजदूर के सामाजिक सुरक्षा के सवाल को मजबूती से उठाया है। साझा मंच की तरफ से आगामी 12 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित सम्मेलन में वर्कर्स फ्रंट से जुड़ी यूनियन के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और आगामी आंदोलन की रणनीति तय करेंगे। इस आशय का निर्णय आज हुई वर्कर्स फ्रंट की वर्चुअल बैठक में लिया गया। बैठक में नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश की हालत बेहद बुरी है। इन्वेस्टर सबमिट के जरिए रोजगार सृजन की चाहे जितने भी बात की जाए सच्चाई यह है कि प्रदेश में गहरा रोजगार का संकट है। यहां सिर्फ मजदूरों का ही पलायन नहीं हो रहा है बल्कि पूंजी भी प्रदेश से बाहर जा रही है।

# फुल पैंट शर्ट पहनकर आएंगे परिषदीय विद्यालयों के छात्र: मुख्यमंत्री

**निर्देश**

### संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार की ओर से जारी किया गया निर्देश



**लखनऊ (एजेंसी)।** बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को फुल पैंट शर्ट में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय प्रांगण में पानी का जमाव न होने दिया जाए। मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। साथ ही नोडल अध्यापक के माध्यम से छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। सीएम योगी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा गया है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। परिषदीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। पत्र में निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने को भी कहा गया है।

पत्र में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को निर्देश दिए जाएं कि वह विद्यालय फुल पैंट शर्ट पहनकर आएं, जिससे कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया इत्यादि से बचा जा सके। साथ ही ये भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि विद्यालय में अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं बुखार से पीड़ित हों तो तत्काल पीएचसी को सूचित करते हुए डॉक्टर से चिकित्सीय परीक्षण एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए।

संचारी रोग खासकर मलेरिया, डेंगू इत्यादि के नियंत्रण व रोकथाम के लिए आवश्यक है कि परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण के साथ-साथ उसके आसपास की जगहों पर साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए। चूंकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां जलभराव के कारण होती हैं।

### विद्यालय और आसपास न हो जलभराव

संचारी रोग खासकर मलेरिया, डेंगू इत्यादि के नियंत्रण व रोकथाम के लिए आवश्यक है कि परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण के साथ-साथ उसके आसपास की जगहों पर साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए। चूंकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां जलभराव के कारण होती हैं, इसलिए विद्यालय प्रांगण व आसपास कहीं भी जलभराव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय में गमलों, टायरों, बोलतों आदि में लगाए गए पौधों में भी पानी जमा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निकाय के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए।

# ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाला ढेर

## 40 किमी. पीछा करके एसटीएफ ने किया अनीश का एनकाउंटर, दो आरोपियों के पैर में मारी गोली

**एनकाउंटर**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में चलती ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाले आरोपी अनीश को रळऋने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े गए हैं। जबकि क्रास फायरिंग में एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। ये एनकाउंटर अयोध्या के पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल रोड पर हुआ।



शुक्रवार तड़के आरोपियों के बारे में इनपुट मिला कि वो इनायतनगर में छिपे हैं। अयोध्या पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। इलाके की घेराबंदी करके सर्च शुरू किया। खुद को घिरता हुआ देख तीनों बदमाश अनीश, विशम्भर और आजाद ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में विशम्भर और आजाद घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी।

इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अनीश वहां से बाइक से भाग निकला। रळऋने 40 किमी. दूर पूराकलंदर तक उसका पीछा किया। सड़क को पहले ही पुलिस ने सील कर दिया था। यहां पुलिस ने उसे घेरकर सरेंडर करने के लिए कहा। मगर, अनीश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली अनीश को लगी।

घायल अनीश को पुलिस जिला अस्पताल अयोध्या लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एनकाउंटर में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा भी घायल हुए हैं।

### प्रत्येक बूथ के हर मतदाता तक जाकर अपना बूथ मजबूत करना लक्ष्य: राजीव मिश्रा

**लखनऊ(यूएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों सेवा पखवाड़ा मना रही है। जिसके अन्तर्गत भाजपा अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा अपना बूथ सबसे मजबूत का अभियान चला रहे है। इसके अन्तर्गत सॅपूर्ण अवध क्षेत्र में तूफानी दौरा कर लोगों को अपने बूथ की मजबूती के लिये कार्यकताओं और पदाधिकारियों को जागरूक कर रहे है। साथ ही सेवा-पखवाड़ा के अंतर्गत आयुष्मान भवः योजना एवं वोटर चेतन महा अभियान, निशुल्क स्वास्थ्य कैंप, बूथ सशक्तिकरण अभियान व मन की बात एवं अन्य आगामी अभियानों को लेकर जन-जन के बीच जा रहे है।

# मणिपुर में भीड़ का पुलिस स्टेशनों और अदालतों पर हमला

## प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े, 10 से ज्यादा घायल

**हमला**

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में गुरुवार 21 सितंबर को भीड़ ने पुलिस स्टेशनों और अदालतों पर हमला कर दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और स्टंट बम दागे। इसमें 10 से अधिक लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारी 16 सितंबर को गिरफ्तार किए गए पांच युवकों की बिना शर्त रिहाई की मांग कर रहे थे। सावधानी के तौर पर राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में शाम पांच बजे से कर्फ्यू में ढील रद्द कर दी है। छह स्थानीय क्लबों और मीरा पैबिस के आह्वान पर हाथों में तख्तियां लिए और नारे लगाते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर आ गए। इन लोगों ने इंफाल पूर्व में पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन और इंफाल पश्चिम जिले में सिंगजामेई पुलिस स्टेशन और क्वाकीथेल पुलिस चौकी में घुसने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस और फ्अऋक्रकर्मियों ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे।



पोरोम्पैट में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हमारे पास गिरफ्तारी के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। क्योंकि सरकार 5 युवकों को रिहा नहीं कर रही। अगर ऐसे ही गांव के स्वयंसेवकों को गिरफ्तार किया गया, तो मैतेई गांवों की कुकी उपद्रवियों से रक्षा कौन करेगा?

# महिला आरक्षण बिल जल्द लागू करे सरकार: राहुल

**आरक्षण बिल**

### जातिगत जनगणना, परिसीमन की शर्तें हटाई जाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लागू किए जाने को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा- केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल अभी से क्यों नहीं लागू करती। इसमें जनगणना और परिसीमन जैसे नियम क्यों जोडे. गए।

राहुल ने कहा- महिला आरक्षण अच्छा कदम है, लेकिन इसमें दो शर्तें लगाई गई हैं। इसे लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन कराना होगा। इन्हें करने में बहुत साल लगेंगे। महिला आरक्षण को आज से ही लागू किया जा सकता है। भाजपा को इन दोनों शर्तों को हटाकर आरक्षण को तुरंत लागू करना चाहिए।

राहुल ने कहा- ये कोई जटिल मामला नहीं है, लेकिन सरकार यह नहीं करना चाहती। ये आज से 10 साल बाद लागू होगा।

# श्रीनगर में आतंकियों का मददगार डीएसपी गिरफ्तार

## टेरर फंडिंग केस में दहशतगर्दों को गिरफ्तारी से बचाने का आरोप, 5 लाख रुपए रिश्वत भी ली

**आरोप**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों की मदद करने के आरोप में गुरुवार को सस्पेंडेड डीएसपी आदिल मुश्ताक को गिरफ्तार किया है। शेख आदिल पर आतंकवादी गतिविधि में शामिल एक आरोपी मुजामिल जहूर से 5 लाख रिश्वत लेने और एक अन्य पुलिस अधिकारी को फंसाने का आरोप है।\ डीएसपी आदिल मुजामिल जहूर से लगातार संपर्क में था। वह उसे टेरर फंडिंग केस में लगातार बचाने की कोशिश में लगा हुआ था। पुलिस को आदिल और मुजामिल के बीच टेलीग्राम ऐप पर चैट और करीब 40 बार फोन पर बातचीत के रिकॉर्ड भी मिले हैं। श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शेख आदिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इनमें झूठे सबूत देना और सबूत नष्ट करना भी शामिल है।



दरअसल, टेरर फंडिंग केस में इसी साल फरवरी महीने में पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 31 लाख रुपए जब्त किए गए थे। तीनों ने पूछताछ के दौरान मुजामिल जहूर के नाम का खुलासा किया था। जांच के दौरान डीएसपी आदिल और मुजामिल जहूर के बीच संपर्क का खुलासा हुआ। मार्च में डीएसपी आदिल को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं पुलिस मुजामिल की तलाश कर रही थी।

इस बीच उसने जुलाई में मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। केस दर्ज कराने के 4 दिन बाद मुजामिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि मुजामिल ने जिस पुलिस अफसर के खिलाफ ऋक्रफ दर्ज कराई थी, उसकी शिकायत भी ऊरढ शेख आदिल ने ही ड्राफ्ट की थी। इतना ही नहीं, मुजामिल को गिरफ्तारी से बचाने के लिए शेख आदिल उसे कानूनी सलाह भी दे रहा था।

शेख आदिल कश्मीर के बारामूला जिले का रहने वाला है और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 2015 बैच का अधिकारी है। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि डीएसपी आदिल के खिलाफ पहले भी जबरन वसूली और महिलाओं को ब्लैकमेल करने का आरोप लगा था। गुरुवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेशी के बाद उसे 6 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### अन्य पुलिस अफसर को फंसाने में डीएसपी से सहयोग किया

दरअसल, टेरर फंडिंग केस में इसी साल फरवरी महीने में पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 31 लाख रुपए जब्त किए गए थे। तीनों ने पूछताछ के दौरान मुजामिल जहूर के नाम का खुलासा किया था। जांच के दौरान डीएसपी आदिल और मुजामिल जहूर के बीच संपर्क का खुलासा हुआ। मार्च में डीएसपी आदिल को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं पुलिस मुजामिल की तलाश कर रही थी। इस बीच उसने जुलाई में मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। केस दर्ज कराने के 4 दिन बाद मुजामिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि मुजामिल ने जिस पुलिस अफसर के खिलाफ ऋक्रफदर्ज कराई थी, उसकी शिकायत भी ऊरढ शेख आदिल ने ही ड्राफ्ट की थी। इतना ही नहीं, मुजामिल को गिरफ्तारी से बचाने के लिए शेख आदिल उसे कानूनी सलाह भी दे रहा था।

# बच्चों के बीच पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण व खेलकूद के प्रति किया प्रोत्साहित

**प्रोत्साहित**

**लखनऊ (यूएनएस)।** यदि आपकी योजना एक वर्ष के लिए है तो धान रोपें, दस वर्ष के लिए है तो पेड़ लगाएं परंतु आपकी योजना सौ साल के लिए है तो बच्चों को शिक्षित करें। भारत में बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के परिणामस्वरूप आजादी के समय शिक्षा दर 18 प्रतिशत थी जो कि आज बढ़कर 77 प्रतिशत हो गई हैं। वर्तमान समय में पूरी दुनिया भारत के युवाओं की बुद्धिमत्ता, क्षमता, कौशल का लोहा मान रही है। अमेरिका में 38 प्रतिशत डॉक्टर, नासा में 36 प्रतिशत से अधिक वैज्ञानिक, माइक्रोसॉफ्ट में 34 प्रतिशत और आईबीएम में 28 प्रतिशत भारतीय हैं। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा एजुकेशन नेटवर्क है, देश में 1 हजार से अधिक यूनिवर्सिटी हैं जिसमें 4 करोड़ से अधिक बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।ये बातें भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा कही गईं, मौका था लखनऊ पब्लिक स्कूल के संस्थापक सीपी सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का। सेक्टर आई स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने पुष्पार्पित कर सीपी सिंह को श्रद्धांजलि दी एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। यह बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में सीपी सिंह द्वारा दिए गए योगदानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ पब्लिक स्कूल सीपी सिंह का विजन लर्निंग, प्रोग्रेस व सक्सेस के अनुरूप शिक्षा प्रदान कर रहा है, 35 वर्षों में 36,000 बच्चे इस स्कूल से निकलकर विदेशों में देश का परचम लहरा रहे हैं, वर्तमान में स्कूल की 10 ब्रांचों में 17,000 बच्चे एजुकेशन ग्रहण कर रहे हैं जो की शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान है।डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने सुवचनों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित सभी बच्चों के चेहरे की चमक व उत्साह बता रहा है कि देश का भविष्य उज्ज्वल है। भारत विश्व का एक युवा देश है, भारत में 70 करोड़ लोग 35 वर्ष से कम उम्र के हैं, 60 प्रतिशत युवा है। युवा देश का भविष्य हैं। अर्थव्यवस्था के मामले में आज भारत पांचवें स्थान पर है, आने वाले वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भविष्य की चुनौतियों के बारे में सरोजनीनगर विधायक ने बताया कि प्रतियोगिताएं लगातार बढ़ रही है, यूपीएससी में 15 लाख अभ्यर्थी हिस्सा लेते हैं लेकिन मात्र 1 हजार ही सफल हो पाते हैं, इसी तरह पीसीएस में भी 7-8 लाख बच्चे बैठते हैं 200 से 250 अभ्यर्थी ही सफल होते है। ऐसे में यह अभिभावकों, शिक्षकों तथा हम सभी का दायित्व है कि भावी पीढ़ी को आने वाली चुनौतियों के लिए अभी से तैयार करें।



# बीकेटी में स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा, डाले के नीचे साइकिल समेत आए तीनों छात्र घायल

**हादसा**

**लखनऊ (यूएनएस)।** बीकेटी थाना क्षेत्र में एनएच-24 लखनऊ-सीतापुर रोड पर तेज रफ्तार डाला ने साइकिल सवार तीन छात्र-छात्राओं को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों डाला के नीचे आ गए। वहीं, साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। वहीं बीकेटी फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने घायल छात्र-छात्राओं को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसा तब हुआ, जब तीनों छात्र स्कूल से छुट्टी के बाद साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान मार्बल लदे डाला ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी पाकर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नीरज बाबू, शिक्षक और कर्मचारियों के अलावा परिजन अस्पताल पहुंचे। बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित एयर फोर्स स्टेशन के प्रांगण में स्थित केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र विनीत यादव, उसकी बहन कक्षा 8 की छात्रा निधि यादव और उसकी सहेली कक्षा 9 की छात्रा नेहा गंभीर रूप से घायल हुई हैं। तीनों छात्रों का इलाज बीकेटी के साढामऊ गांव में स्थित राम सागर मिश्र 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में कराया जा रहा है। वहीं घायल छात्र-छात्राओं को एक घंटे बाद तक इलाज करने के लिए इमरजेंसी में ड्यूटी पर लगे डॉक्टर नहीं पहुंचे।



**फास्ट न्यूज**

## सज्जन लोगों के घर संपदा की वृद्धि होती है: ब्राह्मचारी श्रीपाल

**लखनऊ (यूएनएस)।** इन्दिरानगर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को उत्तम आर्जव धर्म की पूजा हुई। ब्राह्मचारी श्रीपाल ने बताया कि किसी को भी छल-कपट कभी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो जीव सरल स्वभावी होते हैं, उनके घर में संपदा की अपने आप वृद्धि होती है। इस जगत में भी उत्तम आर्जव की ही रीति (प्रथा) अच्छी मानी है। थोड़ी-सी भी दगा, बेईमानी बहुत दुख देने वाली होती है। इससे बचने के लिए जो मन में हो, उसे ही वचनों से कहना चाहिए तथा जो वचनों से कहें, वह क्रिया अर्थात आचरण में भी होना चाहिए। मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि प्रातः काल भगवान महावीर स्वामी की स्वर्ण कलशों से अभिषेक एवं शांतिधार की गई।

## राजकीय आईटीआई के रोजगार मेला में 200 युवाओं को मिला रोजगार

**लखनऊ (यूएनएस)।** आईटीआई, अलीगंज लखनऊ में रोजगार मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा किया गया। उनके द्वारा मेले में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी एम ए खाँ ने बताया गया कि रोजगार दिवस में 600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 16 कम्पनियों द्वारा 200 अभ्यर्थियों को 8000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब के आफर दिये गये तथा यह भी कहा कि जो अभ्यर्थी रोजगार दिवस में चयन से वंचित रह गये है वे अभ्यर्थी 03 अक्टूबर को राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में होने वाले वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

## गौसेवक लालू भाई ने 200 छात्राओं भेंट की शिक्षण सामग्री और अल्पाहार

**लखनऊ (यूएनएस)।** लोक परमार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में आज गौसेवक लालू भाई ने लगभग 200 छात्राओं को शिक्षण सामग्री और अल्पाहार का वितरण करके कन्याओं का चरण स्पर्श करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सम्बंध में लालूभाई ने बताया कि श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में राधारानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए राधा अष्टमी के पूर्व श्री धाम वृंदावन की परिक्रमा के बाद श्री धाम बरसाना में राधारानी के महल में राधारानी के दर्शन के उपरान्त श्री मैदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथिया बरसाना मथुरा की छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित करके कन्याओं से पूरे भारत के कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रभु दयाल, प्रधानाचार्य शिव शंकर गोस्वामी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की योजनाओं की समीक्षा

## निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कराये पूर्ण-कश्यप

**समीक्षा**

**लखनऊ (यूएनएस)।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने गुरूवार को विधानसभा नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूरे कराये जाय। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग मे संचालित शादी अनुदान योजना में आयसीमा की तुलना अन्य विभागों में संचालित शादी अनुदान योजना से करते हुए आयसीमा एक जैसी रखी जाय। उन्होंने कहा कि एक जैसी आयसीमा होने से अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग के लोगों इससे लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाय। इसके लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय भी स्थापित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग में संचालित योजनाओं से लाभाविन्त लाभार्थियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाय। वृहद स्तर पर विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन कर संचालित योजनाओं का प्रदर्शित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों का वर्कशाप का आयोजन किया जाय। वर्कशाप के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं में उनके फीडबैक लिये जाय।दिव्यांगजन मंत्री ने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के हितों के लिए नियमित रूप से मोबाईल कोर्ट का आयोजन विभिन्न जनपदों में किया जाय। उन्होंने कहा कि मोबाईल कोर्ट के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को समय से पेंशन की किस्त पहुंचाने का कार्य किया जाय।पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण में संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर कोर्स मे छात्रों की शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाय। उन्होने कहा कि विभाग के माध्यम से कम्प्यूटर कोर्स करने के बाद छात्र-छात्राओं को कहां-कहां रोजगार मिला, इसकी सूचना एकत्र की जाय। उन्होंने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित छात्रावासों का व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण करते हुए मरम्मत कार्य कराया जाय।बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव एवं निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेन्द्र एस चौधरी, विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन अजीत कुमार, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वन्दना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं से सीधे रूबरू होगें निदेशक से लेकर अभियंता

**लखनऊ (यूएनएस)।** विद्युत विभाग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिसमें प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को जानने के लिए शक्ति मुख्यालय से लगभग 193 अभियंताओं की टीम प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में भेजी गई है। जिसमें निदेशक से लेकर सहायक अभियंता तक सम्मिलित हैं जो जनपदों में उपभोक्ताओं की समस्याओं से रूबरू होंगे। उपभोक्ताओं के घर जाकर उनसे उनकी समस्या भी जानेंगे और उनका समाधान करेंगें। प्रदेश में ऐसा कार्यक्रम पहली बार चलाया जा रहा है। निश्चित तौर से यह कार्यक्रम आने वाले समय में मील का पत्थर साबित हो सकता है। उपभोक्ता देवो भव की संस्कृति के आधार पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने जो यह मुहिम शुरू की है निश्चित तौर पर इसका परिणाम आने वाले समय में सुखद होगा।

# जोन तीन की समीक्षा बैठक महापौर ने दिए दिशा निर्देश

**निर्देश**

**लखनऊ (यूएनएस)।** शहर में विकास कार्यों की समीक्षा कर उन्हें गति प्रदान करने के उद्देश्य से मा. महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी के द्वारा जोनवार बैठक किये जाने के निर्देश दिए गए थे। 21 सितम्बर को महानगर स्थित कल्याण मंडप में नगर निगम जोन 03 के अभियन्त्रण विभाग कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा में लगभग 50 फीसदी से अधिक सुधार मिलने पर सभी पार्षदों ने महापौर का पुष्पगच्छ देकर सम्मान किया एवं शुभकामनाएं दी।



बैठक में समस्त वार्डों में 50-50 लाइटें एवं 10-10 कर्मचारी दिए जाने के निर्देश दिए गए। पार्षदों द्वारा अपने अपने वार्डों की समस्याओं जैसे-नालियों से निकाली जाने वाली सिल्ट हेतु गाड़ियां उपलब्ध कराने वार्डो में लाइट की उपलब्धता एवं वार्डों में सफाई व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में महापौर ने सुएज कंपनी के कर्मियों की प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित करने व उनकी कार्यशैली में परिवर्तन लाने के दृष्टिगत प्रतिदिन पार्षदों के यहाँ एक उपस्थिति रजिस्टर बनाये जाने व हाजिरी लगाने के निर्देश दिए गए।साथ ही आज सुएज के कार्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की विधिवत समीक्षा की गयी।साथ ही पेयजल एवं दूषित जलापूर्ति के सम्बंध में प्राप्त सूचनाओं पर महाप्रबन्धक जलकल को समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।महापौर ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में एक एक नया कूड़ा घर बनाया जा रहा है।इस दौरान कूड़ा उठान की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाये जाने हेतु प्रत्येक वार्ड में गाड़ियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने एवं सफाई व्यवस्था में सुधार लाये जाने हेतु एक माह के अंदर कार्य सुनिश्चित कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को कूड़ा उठाने के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

# रिपोटिंग के दौरान दलित महिला पत्रकार से छेड़खानी करते हुए जान से मारने की दी धमकी

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र भुहर की चौकी क्षेत्र में रिपोर्टिंग करने गई महिला पत्रकार से बिल्डरों ने छेड़खानी करते हुए जान से मारने की दी धमकी आपको बताते चलें कि यह मामला भूहर चौकी क्षेत्र में मल्हपुर के पास बिल्डिंग का निर्माण हो रहा था कुछ पत्रकार साथी रिपोर्टिंग करने के लिए पहुंचे थे जिसमें महिला पत्रकार कोमल गौतम बेल्डिंग की फोटोग्राफी कर रही थी तभी फैयाज खान व इरफान खान नाम के दबंग बिल्डरों ने महिला पत्रकार को गंदी–गंदी गालियां देते हुए बेल्डिंग में खींचने लगे और छेड़खानी करते हुए मोबाइल छीनने की कोशिश की जब महिला पत्रकार जोर–जोर से चिल्लाई तब साथी पत्रकार मौके पर पहुंचकर महिला पत्रकार को बचाया बिल्डरों ने जान से मारने की धमकी देकर पुलिस चौकी में रंगदारी का मुकदमा लिखवाने की दी धमकी जहां भारत सरकार पत्रकारों को चौथा स्तंभ मानकर पत्रकारों के साथ बदसालूकी करने वालों को सख्त से सख्त कार्रवाही करने की बात करती है वहीं दबंग लोग पत्रकारों के साथ दबंगई के बल पर छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देते हैं अब देखना या होगा कि सरकार इन दबंगों के प्रति क्या सख्त कदम उठाते हैं। या योगी सरकार में दबंगों का रहेगा बोल बाला।



# पीड़ित पत्रकारों का स्वागत है हम लड़ेंगे आप की लड़ाई: दीपक सिंह तोमर

**प्रशांत अवस्थी**

लखनऊ। श्रमजीवी पत्रकारों के लिए संधर्ष करने मैदान में आए धैर्य मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर ने कहा कि मैं प्रदेश सहित देश के श्रमजीवी पत्रकारों से अपील करूंगा कि पत्रकार साथी हमारे देश और समाज का प्रहरी है तो उन की सुरक्षा और मान सम्मान के लिए हमारा संगठन आप के साथ हैं।आप हमारे साथ आएं हम आप के लिए संधर्ष करने के लिए संधर्ष के लिए तैयार है। हमारे पत्रकार साथियों को मात्र मान सम्मान और सुरक्षा चहिए इस में जो रोड़ा बनेगा हम उस से संधर्ष करेंगे। आप साथ हैं तो हम संघर्ष करेंगे पत्रकार एकता को महत्व दें और एक दूसरे को सहयोग करें। मैं सभी पत्रकार साथियों से कहूंगा की आप सब एकता के साथ संपर्क करें हम आप के साथ हैं।हम साथ हैं। बिना सहयोग के हम संघर्ष नहीं कर सकते। आप का सम्मान हमारी प्राथमिकता है



# आईटीआई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने रवि सिंह

**सम्पन्न**

**लखनऊ (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ की जिला शाखा-अलीगंज लखनऊ का द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव आज दिनांक- 21 सितम्बर 2023 को प्रांतीय अध्यक्ष हरिओम सिंह एवं महामंत्री विवेक कुमार के मार्गदर्श मे सम्पन्न हुआ। इस चुनाव को सम्पन्न कराने हेतु पर्यवेक्षक के रूप मे पर्यवेक्षक अखिलेश वर्मा, अध्यक्ष- बाराबंकी एवं चुनाव अधिकारी रोहित वर्मा, सदस्य, प्रांतीय कार्यकारिणी उपस्थित रहे। चुनाव में रवि सिंह अध्यक्ष और रजत पटेल मंत्री निर्वाचित हुए।

अधिवेशन मे विशिष्ठ अतिथि के रूप मे दिग्विजय कुमार यादव, मण्डल मंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, श्रीमती अमिता त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष-लखनऊ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, श्री सुभाष चंद्र तिवारी जिला मंत्रीहलखनऊ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, की गरिमाई उपस्थिति रही। चुनावी प्रक्रिया में अध्यक्ष रवि सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा ,मंत्री रजत पटेल, संयुक्त मंत्री मयंक जायसवाल, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, पदाधिकारी चुनावित घोषित हुए।इस चुनाव मे जिला शाखा-अलीगंज लखनऊ के समस्त सदस्यों ने प्रतिभाग किया।



संघ के महामंत्री विवेक कुमार ने सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनुदेशक के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति हेतु प्रयास किया जाएगा। प्रधानाचार्य के रिक्त पदों प्रोन्नति, अनुदेशक से कार्यदेशक पद पर प्रोन्नत और मानव सम्पदा पोर्टल की व्यवस्था को शीघ्र क्रियांवित किया जाना जिससे की एसीपी लगने मे देरी से बचा जा सके। रजनीश अरोड़ा, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने संघ सदस्यों को सम्बोधित करते हुए विभाग मे लाम्बित समस्त रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति कराये जाने की आवश्यक्ता पर जोर दिया।शिव चंद राम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष ने कार्मिकों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा की हम सभी को एकजुट होकर अनुदेशकों के प्रारम्भिक पे-ग्रेड को 4600 कराने का प्रयास करना चाहिये। दिग्विजय कुमार यादव, मण्डल मंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा की पूरानी पेंशन बहाली कर्मचारी समाज की मौलिक मांग है जिसे बहाल कराने हेतु हमे निरंतर प्रयास करना है। श्रीमती अमिता त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष-लखनऊ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत कर्मचारियों को एकजुट रहकर सामुहिक हितों के प्रति सजग रहते हुए संघर्ष करने की सलाह दी।

# शान्ति मार्च का नगर में पुष्पवर्षा के साथ हुआ स्वागत

## विधायक, जिपं अध्यक्ष एवं पालिकाध्यक्ष ने दिखायी हरी झण्डी

स्वागत



**हरदोई।** विश्व शांति दिवस 21 सितंबर को नगर के मुख्य मार्गों पर अंतर्राष्ट्रीय शांति वक्ता एवं विश्व शांति दूत तथा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकॉर्ड बना चुकी हियर योरसेल्फ, स्वयं की आवाज के लेखक प्रेम रावत के अनुयायियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर शांति मार्च निकालकर शांति का संदेश नगरवासियों को दिया गया। नगर के शाहिद उद्यान कंपनी बाग से निकल गई इस शांति मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती पीके वर्मा, तेज तर्रार विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, ख्यातिलब्ध समाजसेवी अरुणेश बाजपेई और डाक अधीक्षक आरके श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रफी अहमद इंटर कॉलेज के बच्चों ने स्काउट बैंड बजाकर शांति मार्च में चार चांद लगा दिये।

शांति मार्च ठीक 9 बजे कंपनी बाग से रवाना हुआ शांति मार्च पर नुमाइश चौराहे पर जितेंद्रा ऑटो पार्ट्स के कर्मचारियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद वेणी माधव इंटर कॉलेज के सामने समाजसेवी महेश गुप्ता, पूर्व सभासद राजीव गुप्ता, सभासद अजय शर्मा, सभासद संतोष सैनी ने पानी की बोतल बांटकर पुष्प वर्षा की। बड़ा चौराहे पर कुणाल ज्वेलर्स ने पुष्प वर्षा की। वहीं बड़े चौराहे पर अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवसेवक गुप्ता ने पुष्पवर्षा कर शांति मार्च का स्वागत किया। सिनेमा चौराहे पर रामशरण गुप्ता और गुड्डू पान वालों ने पुष्पवर्षा कर शांति मार्च का स्वागत किया। डा. एपी सिंह के सामने दलेल नगर गांव के प्रधान महेश गुप्ता ने अपने साथियों के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शांति मार्च में श्जिस शांति की तुम्हें तलाश है वह तुम्हारे अंदर हैश, श्घट घट मोरा साइयां सूनी सेज न कोई बलिहारी उस घट की जा घट प्रगट होईश, मृग नाभी कुंडल बसे मृग ढूंढे वन माहि ऐसे घट घट ब्रह्म है दुनिया जानत नाहि, श्आए एक ही देश से उतरे एक ही घाट हवा लगी संसार की हो गए वारह वाट, से लिखी हुई पटिटकाएं और बैनर लिए हुए थे। हरदोई शांति मार्च को हरी झंडी दिखाने आए अतिथियों को स्वयं की आवाज और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों के बैच लगाकर तिलक भी लगाया गया। अतिथियों ने कहा कि इस शांति मार्ग को हरी झंडी दिखाकर वह अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शांति मार्च का समापन पर एस आर जे लान में विश्व शांति दूत प्रेम रावत के शांति संदेश का प्रसारण डेलाइट पर किया गया जिसे सुनकर उनके अनुयाई झूम उठे। इसके बाद भोजन के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

पत्रकार संगठन से जुड़े पत्रकारों के अध्यक्ष रितेश मिश्रा और दिवाकर मिश्रा ने आनंद गुप्ता पुष्प वर्षा कर शांति मार्च का स्वागत किया। लखनऊ चुंगी पर एसबीआई लाइफ के शाखा प्रबंधक आशीष निगम ने पुष्प बरसा कर शांति मार्च का स्वागत करते हुए सराहना की। लखनऊ चुंगी के आगे पेट्रोल पंप के पास कुसुम कुमारी सुनीता आदि ने उसे वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह पर शांति मार्च का भव्य स्वागत किया गया। नगर में पहली बार विश्व शांति दिवस पर शांति मार्च निकल गया तथा अंतर्राष्ट्रीय शांति वक्त प्रेम रावत जी के कोटेशनों के स्लोगन की पट्टीकाएं हैं और बैनर हाथों में दिखाई पड़ रहे थे। इस शांति मार्च में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की करीब 2 किलोमीटर लंबे इस शांति मार्च के दौरान लोग बहुत उत्साहित दिखे।



## गिंदो देवी की पुण्यतिथि मनी

**बदायूं।** गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में प्रोफेसर डॉ गार्गी बुलबुल के निर्देशन में कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ जिसका शुभारंभ मां सरस्वती एवं गिंदो देवी जी के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्राचार्या ने कहा कि गिंदो देवी जी बदायूं जिले की निवासी रहीं एवं उनका विवाह बचपन में हो गया परंतु वह कम उम्र में ही बाल विधवा हो गईं। संपन्न परिवार से होते हुए भी उनके शिक्षा अधिक नहीं हो पाई। उन्होंने अपनी दूर दृष्टि का परिचय देते हुए 1982 में बदायूं में प्रथम महिला महाविद्यालय की स्थापना की। उप प्राचार्या प्रो. डॉ. इंदु शर्मा सति अन्य शिक्षिकाओं ने गिंदो देवी जी के चित्र पर फूल माला अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये डा. इति अधिकारी ने बताया कि गिंदो देवी जी बदायूं की समाज सुधारक रहीं। उन्होंने महिलाओं के विकास के लिए शिक्षा के माध्यम को चुना जिससे महिलाएं सशक्त हो एवं अपने जीवन में आगे बढ़े। इस अवसर पर डॉ निशी अवस्थी, डॉ सोनी, डॉ शुभी, डॉ वंदना, डॉ अनीता, डॉ प्रीती, डॉ अवनीशा सहित तमाम शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

फास्ट न्यूज

### माटीकला टूल किट्स, दोना-पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन के लिये साक्षात्कार 23 को

**अमेठी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र ने बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला के परम्परागत कामगारों हेतु निःशुल्क विद्युत चलित चाक (माटीकला टूल किटस) के चयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी अमेठी की अध्यक्षता में 23 सितम्बर को विकास भवन सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से साक्षात्कार किया जायेगा तथा दोना-पत्तल व पॉपकार्न मेकिंग मशीन लाभार्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार 23 सितम्बर को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड गौरीगंज अमेठी में अपरान्ह 3 बजे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समस्त कामगारों को जिन्होंने माटीकला टूल किट्स, दोना-पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किया है, ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि उक्त तिथि को साक्षात्कार में समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### जनकल्याण एवं बाल विकास शिक्षा समिति ने बांटा खेल किट

**शिकोहाबाद।** आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामाजिक संस्था जन कल्याण एवं बाल विकास शिक्षा समिति के प्रबंधक सचिव संतोष कुमार तिवारी द्वारा विद्यालय के छात्रों को खेलकूद का सामान प्रदान किया जिससे छात्रों के शारीरिक विकास के लिए फुटबाल की किट उपलब्ध कराई। किट मिलते ही विद्यार्थियों ने फुटबाल खेल कर खुशी जाहिर की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आर्येन्द्र, व्यायाम शिक्षक कृष्ण कुमार सिंह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिये पुलिस ने किया पैदल मार्च

मार्च



**जालौन।** बुढ़वा मंगल, बारावफात पर्व को देखते हुए एसडीएम सुरेश कुमार व सीओ रविंद्र गौतम के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए कोतवाली पुलिस ने नगर की सडकों पर पैदल मार्च किया और लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूछताछ की। अगले कुछ दिनों में कई पर्व आ रहे हैं। गणेश प्रतिमा विसर्जन, बुढ़वा मंगल और बारावफात के पर्व को देखते हुए नगर में शांति व्यवस्था को कोई खतरा नहीं हो इसके लिए एसडीएम सुरेश कुमार व सीओ रविंद्र गौतम के नेतृत्व में कोतवाली व चौकी पुलिस ने नगर की सडकों पर पैदल मार्च निकाला। कोतवाली से निकले पुलिस कर्मी कोतवाली रोड से देवनगर चौराहे से तहसील रोड होकर पानी की टंकी, बस स्टैंड से झंडा चौराहा सब्जी मंडी से होकर पुनः कोतवाली पहुंचे। इस दौरान सीओ ने दुकानदारों व राहगीरों से नगर की हलचल के संबंध में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है। कोई उन्हें परेशान करता है तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम उदयवीर सिंह, एसएसआई आनंद कुमार, चौकी प्रभारी अनिल कुमार राणा, एसआई ओमकार सिंह, अमर सिंह, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।



### पालिका ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

**फिरोजाबाद।** नगर पालिका द्वारा बृहस्पतिवार को स्टेशन रोड पर हास्पिटल के सामने सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। सर्विस रोड पर रखे लकड़ी के खोखों को हटवाया। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया लेकिन पालिका के कर्मचारियों ने किसी की भी नहीं सुनी। इस दौरान मुकेश निवासी स्टेशन रोड सरकारी अस्पताल के बगल में लकड़ी का खोखा रखकर अपना परिवार का पालन पोषण कर रहा है। नगर पालिका के कर्मचारियों ने उसकी झोंपड़ी को हटवा दिया है। यह शिकायती पत्र मुकेश ने उप जिलाधिकारी को देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# वर्षों से हैण्डपम्प खराब, पानी के लिये लोग बेहाल

बेहाल

### विभागीय अनदेखी का शिकार है हैण्डपम्प, जिम्मेदार मौन



**नसीराबाद।** भीषण उमस भरी गर्मी के चलते बूंद बूंद शुद्ध पानी की दरकार है। ग्रामीणों की फरियाद को जिम्मेदार अनसुनी कर रहे हैं। आराम तलब कर्मचारियों की लचर कार्यशैली के चलते जिला प्रशासन समेत सरकार की किरकिरी कराने के साथ ही शासन की मंशा को डीह ब्लाक के अधिकारी पलीता लगाने से बाज नही आ रहें है। प्रदेश सरकार जहां एक तरफ लाखों रूपए खर्च कर शुद्ध पानी के लिए हैण्डपम्प की व्यवस्था करा रही है। साथ ही इनके रख रखाव आदि के लिए लाखों रूयए पानी की तरह बहा रही है। वहीं डीह ब्लाक के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में खराब पड़े हैण्डपम्प विभागीय जिम्मेदारों के कार्यशैली पर प्रश्न चिंह लगा रहे हैं। जिसके चलते बूंद बूंद पानी को लेकर ग्रामीणों को समस्याओ से गुजरना पड़ रहा है। जबकि इन खराब पड़े हैण्डपम्पों के रखरखाव को लेकर लाखों रूपए सरकार पानी की तरह बहा रही है जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी की किल्लत न हो, लेकिन ग्राम पंचायत व ब्लाक के जिम्मेदार हैण्डपम्प की मरम्मत व रिबोर के नाम पर लाखों रूपए डकारने के बाद भी इन बदहाल हैण्डपम्पों की सुधि लेना मुनासिब नहीं समझ रहे। ग्राम पंचायत रायपुरटोड़ी के ग्रामीण राम प्रकाश, प्रमोद कुमार, रामनेवाज, रामहरख, राजाराम, रामकुमार, राम समुझ, शिवप्रसाद समेत दर्जनों ग्रामीणों ने पूर्व खण्ड विकास अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह डीह से कई बार शिकायत की लेकिन नतीजा शून्य रहा। इस बावत बीडीओ डीह धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।



## शारदीय नवरात्रि को लेकर शुरू हुई तैयारी

**बाराबंकी।** शहर में विगत 18 वर्षो से हो रही आवास विकास की दुर्गा पूजा में झांकी निर्माण कार्य विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद शुरू हो गया। समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश जायसवाल, कोषाध्यक्ष अंकुर प्रताप, अंशुमान प्रकाश, पवन मौर्य, मनीष वर्मा सहित कई कार्यकर्ता बल्ली पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। समिति द्वारा विगत कई सालों से बल्ली पटरा की सहायता से भव्य वैष्णो देवी गुफा दर्शन व अमरनाथ गुफा दर्शन के लिए दरबार सजाया जाता है। यहां पर प्रतिदिन हजारो कि संख्या में श्रद्धालु आते हैं। साथ ही 9 दिनों में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है। झांकी के निर्माण में लगभग 20 से 25 दिन का समय लगता है। इसके बाद नवरात्रि के प्रथम दिन दरबार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाता है।

# विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

आयोजन



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील सलोन के नगर पंचायत नसीराबाद के अन्तर्गत राय साहब के सहन भूमि प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार के द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं से अवगत कराया गया। सचिव द्वारा गांव की महिलाओं को भी उनके अधिकारों के बारे में बताया गया कि महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार है।

किसी भी महिला को रात के समय नहीं गिरफ्तार किया जा सकता है, हर महिला को मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार है और महिलाएं संपत्ति में बराबरी का हक रखती है। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक नसीराबाद रामलखन पटेल, समाजसेवी अभिषेक राय, मुख्य सेविका सुमित्रा, सभासद एजाज अहमद, पराविधिक स्वयंसेवक पूनम सिंह, नीरज कुमारी, पवन कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार बाजपेयी, आशीष भटनागर, रितुल कुमार वैश्य, दीपक कुमार यादव, प्रशांत कुमार बाजपेयी, प्रदीप यादव आदि उपस्थित रहे।



## पॉस्को एक्ट के वांछित को पुलिस ने दबोचा

**नसीराबाद।** स्थानीय पुलिस ने पॉस्को एक्ट में वांछित चल रहे एक आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत परैया नमकसार चौकी प्रभारी रितेश चौहान व कॉस्टेबल विष्पेंद्र सिंह डांगुर द्वारा वांछित अभियुक्त हितेश पुत्र नन्हे लाल निवासी कुढा.थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को मट्टन नाला बभनपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि धारा 363, 366 भादंवि व 7/8 पॉस्को एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली में उप निरीक्षक रितेश चौहान चौकी प्रभारी परैया नमकसार थाना नसीराबाद व कॉस्टेबल विष्पेन्द्र सिंह डांगुर की अहम भूमिका रही।

# किसी प्रकार की मानसिक चिंता न करें वृद्धजन : डीएम

जागरूक

### अल्जाइमर्स दिवस पर डीएम ने वृद्धों को किया जागरूक



**बाँदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अल्जाइमर्स दिवस पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने वृद्धाश्रम में उपस्थित वृद्धजनों को अल्जाइमर्स दिवस के अवसर पर अल्जाइमर्स के द्वारा वृद्धावस्था में होने वाली इस बीमारी के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए कहा कि वृद्धजन किसी प्रकार की मानसिक रूप से चिंता न करें। उन्होंने कहा कि अल्जाइमर्स वृद्धावस्था में बहुत लोगो को हो जाती है जिसके लक्षण हैं कि इस बीमारी से याददास्त कम होती जाती है, जिससे वह कुछ चीजें व बातें भूलने लगते हैं। इस बीमारी में उलझन बेचौनी व नीद भी कम आती है और एकाग्रता में कमी हो जाती है। उन्होंने कहा कि सभी वृद्धजन सदैव खुश रहें और स्वस्थ्य रहें। वृद्धाश्रम में उनके खान-पान व रहने की उचित व्यवस्था की गयी है एवं उन्हें प्रशासन द्वारा हर सम्भव सहयोग दिया जा रहा है, उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जायेगी, यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो किसी भी समय उनके मोबाइल नम्बर पर अपनी समस्या तत्काल बता सकते हैं। उन्होंने इस अवसर पर वृद्धजनों को स्वस्थ्य रहने हेतु व्यायाम के सामान के साथ शरीर में दर्द होने पर सिकाई किये जाने हेतु हीटिंग पैड तथा अंग वस्त्रों का वितरण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस बीमारी के लिए शुरूवाती लक्षण याददाश्त कम होने पर ही तत्काल चिकित्सीय सहायता ली जाए। बीमारी अधिक बढ़ने पर बाद में अधिक परेशानी हो जाती हैं। इस बीमारी में चित्रों, रंगों को पहचानने में दिक्कत होती हैं स्वभाव और स्वास्थ्य में चिडचिडापन व गिरावट आ जाती है। इस बीमारी के प्रति वृद्धजन-सतर्क रहें और शीघ्र चिकित्सीय सहायता प्राप्त करें।

# केएम ने दिल्ली एम्स की टीम को हराकर फाइनल में किया प्रवेश

प्रवेश



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय की मेडीकल कालेज टीम ने दिल्ली में आयोजित क्रिकेट मैच में विजयी पताका लहराया है। सभी मेडीकल कालेजों की टीमों को पराजित करके केएम की टीम ने यह साबित कर दिया है कि हमसे अच्छा, हमसे बेहतर कोई नहीं है। कई क्रिकेट की टीमों को पराजित करने के बाद फाइनल में पहुंची केएम की टीम को विजयी होने की शुभकामनाएं आज विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी, वाईस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, मेडीकल कालेज के प्रिंसीपल डा. पीएन भिसे, एएमएस डा. आरपी गुप्ता तथा रजिस्टार पूरन सिंह ने दी है। उल्लेखनीय रहे कि हर वर्ष अखिल भारतीय आयुर्वेदिक अनुसंधान(एम्स) दिल्ली द्वारा पल्स प्रोग्राम आयोजित किया जाता है, जिसमें भारत देश के मेडीकल कालेजों के छात्र यहां आकर अपनी सहभागिता करते है।

पल्स प्रोग्राम के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। मथुरा के सौंख कस्बा स्थित पाली डूंगरा में कृष्ण मोहन मेडीकल कालेज की टीम ने भी पल्स प्रोग्राम में हिस्सा लिया। यहां आयोजित क्रिकेट मैच में शानदार प्रदर्शन केएम की टीम ने करके सबको दांतों तले उंगुलियां दबाने को मजबूर कर दिया। यहां केएम की टीम का पहला मैच हमदर्द मेडीकल कालेज से हुआ, जहां जबरदस्त बल्लेबाजी व गंदेबाजी करके केएम ने हमदर्द मेडीकल कालेज को बुरी तरह हरा दिया। जिसका मैन ऑफ द मैच डा. मनी कुमार ने जीता। दूसरा मैच केएम का वीआईएमएस मेडीकल कालेज की टीम से हुआ जहां वीआईएमएस को शिकस्त देकर मैन आफ द मैच का खिताब केएम के श्यान पोल ने हासिल किया। क्वाटर फाइनल में केएम मेडीकल कालेज की टीम का सामना ईएसआईसी मेडीकल कालेज रोहिणी से हुआ यहां भी केएम ने ईएसआईसी को 62 रनों से हराकर जीत हासिल की। मैच आफ द मैच पर कब्जा डा. निशंत चौधरी को मिला है। सेमीफाइनल मैच में केएम मेडीकल कालेज की टीम का मुकाबला एम्स दिल्ली से हुआ यहां भी केएम की क्रिकेट टीम ने शानदार बल्लेबाजी और गंदेबाजी करते हुए अपने प्रतिद्वन्दी एम्स को 12 रनों से हराकर फाइनल मैच में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। ये सभी मैच डा. मनी कुमार की कप्तानी के अनुरूप खेले गए थे। इस शानदार जीत को लेकर मथुरा सौंख कस्बा स्थित पाली डूंगरा में स्थित केएम विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल है, विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी ने विजयी टीम को शानदार प्रदर्शन पर शब्बासी दी है तथा फाइनल में केएम के विजय होने की शुभकामनाएं कप्तान डा. मनी को दी है।

# सम्पादकीय

## बेतुकी दलीलें

एक अपरिपक्व राजनेता और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हालिया विवादित बयानों से सहमति का कोई आधार नजर नहीं आता। बल्कि ऐसा लगता है कि भारत विरोधी ताकतों के हाथ में खेलते हुए वे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा बनाये रखने के लिये जरूरी विवेक खो बैठे हैं। कनाडा सरकार को बिना किसी आरोप पत्र और मुकदमे के यह निष्कर्ष निकालने में कोई समय नहीं लगा कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी समर्थक चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों का हाथ हो सकता है। कनाडाई संसद को संबोधित करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनकी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय रूप से मामले में आरोपों की पड़ताल कर रही हैं। यहां तक कि बेतुकी दलील दी कि कनाडाई धरती पर उसके नागरिक की हत्या में किसी विदेशी सरकार की संलिप्तता हमारी संप्रभुता का अस्वीकार्य उल्लंघन है। वहीं ट्रूडो के बयान के ठीक बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने घोषणा की कि एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को कनाडा से निष्कासित कर दिया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कनाडा ने ऐसी तत्परता तब भी नहीं दिखायी जब विमानन इतिहास के बड़े आतंकी हमले का शिकार हुए भारतीय एअर इंडिया विमान में 329 लोग मारे गये थे। जिसमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई लोग थे। तब भी बम विस्फोट के तीन महीने के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई या जांच के लिये हाउस ऑफ कॉमन्स में घोषणा करने में कोई तत्परता नहीं दिखाई गई थी, जैसे निज्जर प्रकरण में तीन माह में दिखायी गई। दरअसल, न तो कनाडा उस हमले को रोक सका वहीं उसने जांच में लीपापोती की थी। उस मामले में केवल एक व्यक्ति को दोषी ठहराया गया, वह भी झूठी गवाही के आधार पर। बल्कि एक निंदनीय रिपोर्ट में जस्टिस जॉन मेजर कमीशन ने उड़ान से पहले की त्रुटि, असावधानी व प्रबंधन अक्षमता जैसी बेबुनियाद दलीलें दी थीं। बहरहाल, यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा कि कनिष्क विमान हादसे में मरे सैकड़ों लोगों को न्याय से वंचित करने वाली कनाडाई सरकार अब संदिग्ध व्यक्ति की हत्या से परेशान है। वह व्यक्ति जिस पर भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का आरोप लगाया था। इसके बावजूद भी कनाडा सरकार के पास भारतीय एजेंटों द्वारा हत्या के अकाट्य सबूत हैं, तो कनाडा सरकार को भारत सरकार से इन प्रमाणों को साझा करना चाहिए।



संजीव ठाकुर

अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।

# महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो। सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकतरू इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं। सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की। तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतजार कराना ठीक नहीं। उन्होंने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाये। बहुमत के बल पर इसे पारित तो होना ही था, लेकिन यह साफ हो गया कि इसे लाने का भाजपा का उद्देश्य महिलाओं के वोट पाना है। अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।



## आत्मनिर्भर खादी

आजादी के अमृतकाल में 9 से 10 सितंबर तक राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम से राजघाट तक 'विश्व महाशक्तियों के महामंथन' से जो अमृत निकला है उसने विश्व और मानव कल्याण के लिए कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन भारत के लिए वैश्विक मंच पर अपनी सनातन संस्कृति, वैचारिक विरासत, आर्थिक शक्ति को प्रदर्शित करने के साथ 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को वैश्विक पहचान दिलाने का एक अवसर था और साथ ही ये अवसर था विश्व के सामने एक ऐसे रोडमैप का खाका खींचने का जिससे वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन को कम कर 'ग्लोबल वार्मिंग' को रोका जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता गांधी जी की विरासत और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की धरोहर खादी की जिस तरह से 'ग्लोबल ब्रांडिंग' की, स्वयं प्रदर्शनी में कारीगरों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन किया, उसने संपूर्ण विश्व को ये संदेश दिया है कि भारत की खादी को अब 'लोकल से ग्लोबल' होने से कोई रोक नहीं सकता है। 10 सितंबर की सुबह राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक पर विश्व नेता और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख जब पूज्य बापू को श्रद्धांजलि देने पहुंचे तो पूरी दुनिया एक अद्भुत तस्वीर की साक्षी बनी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 'खादी अंगवस्त्र' से जी-20 शिखर सम्मेलन में आए सभी विदेशी नेताओं का स्वागत कर रहे थे, साथ ही वो पृष्ठभूमि में लगी साबरमती आश्रम की उस तस्वीर से भी विश्व नेताओं को परिचित करा रहे थे जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की अविस्मरणीय विरासत है। आजादी के बाद खादी को ऐसा मान-सम्मान पहले कभी मिला हो मुझे याद नहीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खादी ने चरखे पर 'मौन क्रांति' का जो ताना-बाना बुना है ये उसका जीता-जागता प्रमाण है। मेरा मानना है कि हमारी राष्ट्रीय विरासत खादी की ये 'ग्लोबल लांचिंग' है और खादी की ग्लोबल लॉन्चिंग की इससे सुंदर, उत्तम और प्रभावशाली तस्वीर कोई हो भी नहीं सकती। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में 'खादी स्टॉल' भी विदेशी मेहमानों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। मैं स्वयं 8, 9 और 10 सितंबर को पूरे दिन वहां उपस्थित था। मैंने करीब से देखा कि खादी के प्रति देश ही नहीं, विदेश से आए मेहमानों में गजब का उत्साह है। विशेष रूप से 'मोदी जैकेट' के प्रति विदेशी मेहमानों का रुझान इस बात को प्रमाणित करता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी वैश्विक स्तर पर कितने लोकप्रिय हैं।

# शिवराज का शिव मॉडल



प्रेम शर्मा

जगतगुरु शंकराचार्य जी द्वारा चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर न केवल चार मठों में वेदान्त शालाएं प्रारंभ की अपितु उन चार दिशाओं की संस्कृति व कला में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर सांस्कृतिक व कलात्मक एकीकरण की धरोहर आज के ज्ञान पिपासुओं हेतु देकर गए।

मध्य प्रदेश की शिवराज चौहान सरकार ने राज्य के धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों के विकास पर काफी फोकस किया, इससे धाध्र्मिक स्थलों की तस्वीर बहुत ही आकर्षक बन गई है बल्कि धार्मिक स्थलों वाले शहरों में विकास का लाभ भी लोगों तक पहुंच रहा है। ओरछा में राम राजा लोक के नाम से राम राजा सरकार का मंदिर विकसित किया जा रहा है। नर्मदा परिक्रमा के लिए नर्मदा पथ के निर्माण की योजना चल रही है। ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर के विकास के दूसरे चरण का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा सलकनपुर में महादेव लोक के निर्माण के बड़े प्लान पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान 2017 में ओंकारेश्वर में तीन संकल्प लिए थे। इनमें से एक संकल्प था मंधाता पर्वत पर 108 फीट ऊंची आदिशंकराचार्य की मूर्ति (एकात्मता की प्रतिमा) काघ्निर्माण करवाना था। अब यह प्रतिमा बनकर तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 सितम्बर को इसका अनावरण करेंगे। वास्तव में उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को जबर्दस्त रिस्पांस घ्मिला था। इसी तर्ज पर शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर को भव्यता प्रदान की। मध्य प्रदेश में महाकाल कॉरिडोर की भव्यता काशी विश्वनाथ में हुए विकास और निर्माण कार्य से ज्यादा क्षेत्र में विस्तारित है। इसलिए शिवराज सरकार ने शिव मॉडल अपनाया और इस मॉडल को मध्य प्रदेश की जनता पसंद कर रही है। ओंकारेश्वर में 2100 करोड़ रुपए की लागत से एकात्म धाम बनकर तैयार हो चुका है। धाम निर्माण का यह पहला फेस है। आदिशंकराचार्य की ज्ञान स्थली ओंकारेश्वर की धरा पर आदिशंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण के बाद लोग एकात्म धाम के दर्शन कर पाएंगे। ओंकारेश्वर में नर्मदा किनारे देश का चौथा ज्योतिर्लिंग मौजूद है। साथ ही यह जगह शंकराचार्य की दीक्षा स्थली भी है, यहां पर वे अपने गुरु गोविंद भगवत्पाद से भी मिले और 4 वर्षों तक उन्होंने यहां विद्या का अध्ययन किया। 12 वर्ष की आयु में शंकराचार्य ने ओंकारेश्वर से ही अखंड भारत में वेदांत के लोक व्यापीकरण के लिए प्रस्थान किया। यहीं वजह है कि आज ओंकारेश्वर में मंधाता पर्वत पर 12 वर्ष के आचार्य शंकर की प्रतिमा की स्थापना की गई है। ओंकारेश्वर में मौजूद यह प्रतिमा दुनिया में शंकराचार्य की यह सबसे ऊंची प्रतिमा है। ओंकार पर्वत पर अद्वैत वेदांत पीठ 28 एकड़ में फैला हुआ है। आदिशंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा को ह्लस्टेच्यू ऑफ वननेसह्व नाम दिया गया है। महज 8 वर्ष की उम्र में अपने



गुरु को खोजते हुए आदिशंकराचार्य केरल से ओंकारेश्वर आए थे। यहां उन्होंने गुरु गोविंद भगवत्पाद से दीक्षा ली। इसके बाद शंकराचार्य ने पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर सनातन धर्म की चेतना लोगों के मन में जगाने का काम किया। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में आदि गुरु शंकराचार्य का महत्वपूर्ण योगदान है। इसमें अनेक सिद्धस्थ व समर्पित कारीगरों की कला का जन-जन प्रत्यक्षदर्शी होगा, साथ ही भारत की मनोरम, समृद्ध व समस्त विश्व के पुरातत्वविदों के लिए प्राचीन काल से अचंभे का विषय रही। भारतीय स्थापत्य कला का अद्वैत लोक के द्वारा लोग अनुभव कर पाएंगे। यदि एकात्म धाम के स्थापत्य शैली की बात की जाए तो इसकी निर्मिती शैली विविध क्षेत्रों के स्थापत्य कलाओं की पुराताघ्त्विक शैली से प्रेरित रहेगी। अद्वैत दर्शन को नव युवा शक्ति जो जिज्ञासु, ज्ञान पिपासु व एकात्मता के संदेश को समस्त विश्व तक पहुंचाने हेतु कटिबद्ध है, ऐसे शोधार्थियों-विद्यार्थियों के लिए चार शोध केंद्र भी स्थापित किए जाने की कल्पना भी जल्द ही साकार रूप लेना प्रारंभ करेगी। यह शोध केंद्र आदि गुरु शंकराचार्य जी के चार शिष्यों के नाम पर आधारित होंगे। अद्वैत वेदान्त आचार्य शंकर अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान के प्रांगण के अंतर्गत यह चार शोध केंद्र स्थित रहेंगे जिनके नाम हैं द्द अद्वैत वेदान्त आचार्य पद्मपाद केंद्र, आचार्य हस्तमलक अद्वैत विज्ञान केंद्र, आचार्य सुरेश्वर सामाजिक विज्ञान अद्वैत केंद्र, आचार्य तोटक साहित्य अद्वैत केंद्र। इसकी स्थापत्य शिल्प कला में नागर, द्रविड़, उडिया, मारू गुर्जर, होयसला, उत्तर भारतीय-हिमालयीन और केरल मंदिर स्थापत्य सहित अनेक पारंपरिक वास्तुकला शैलियों की शृंखला स्थानीय सम्मिलित होंगे। अद्वैत वेदान्त आचार्य पद्मपाद केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र की संरचनात्मक शैली से प्रेरित होगा वहीं पुरी के जगन्नाथ मंदिर की संरचना से आचार्य सुरेश्वर सामाजिक विज्ञान अद्वैत केंद्र की वास्तुकला द्रविड़ शैली से प्रेरित रहेगी, श्री श्रृंगेरी शारदापीठम और आसपास के मंदिरों से वास्तुकला सामीप्य रखने वाला गुजरात में स्थित द्वारका मंदिर, आचार्य हस्तमलक अद्वैत विज्ञान केंद्र की संरचना का मूल रहेगा। गुजरात के द्वारका मंदिर से प्रेरित आचार्य हस्तामलक अद्वैत विज्ञान केंद्र चालुक्य वंश में पनपी मारू-गुर्जर शैली को प्रदर्शित करता है। जगतगुरु शंकराचार्य जी द्वारा चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर न केवल चार मठों में वेदान्त शालाएं प्रारंभ की अपितु उन चार दिशाओं की संस्कृति व कला में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर सांस्कृतिक व कलात्मक एकीकरण की धरोहर आज के ज्ञान पिपासुओं हेतु देकर गए। शिवराज सरकार ने पूरे राज्य के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की प्रतिष्ठा बहाल की है, इसका लाभ जनता को ही मिलेगा। शहरों का विकास होने से पर्यटन बढ़ता है और उससे लोगों की आय भी बढ़ती है।



अमर बहादुर

इसके लिए कोई प्राधिकृत नियमावली नहीं थी।

साहित्य

# चुनाव आयुक्त विधेयक टला

चुनाव आयुक्त नियुक्ति विधेयक को आगे टाल कर केन्द्र सरकार ने लोकतान्त्रिक सहनशीलता का परिचय दिया है और साफ कर दिया है कि इस मुद्दे पर सरकार सब पक्षों की राय की कद्र करती है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में यह विधेयक पेश किया जायेगा मगर अब सरकार ने इसे आगे के लिए मुल्तवी कर दिया है। इसकी एक वजह यह भी मानी जा रही है कि देश के अधिसंख्य अवकाश प्राप्त मुख्य चुनाव आयुक्तों ने सरकार को पत्र लिख कर कहा था कि चुनाव आयुक्तों का पद स्तर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों से नीचे न किया जाये। विधेयक में चुनाव आयुक्त का स्तर कैबिनेट सचिव के बराबर करने का प्रस्ताव था जो कि केन्द्र सरकार की नौकरशाही का सर्वोच्च अधिकारी होता है। चूंकि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था होती है और सीधे संविधान से ताकत लेकर अपना कामकाज करती है अतः इसके आयुक्तों का स्तर कार्यपालिका के सर्वोच्च अधिकारी के बराबर करना भी इसका स्तर नीचे करना माना जाता। चुनाव आयोग के पास अर्ध न्यायिक अधिकार भी होते हैं जो कि इसे संविधान देता है अतः इसे सरकार का अंग भी नहीं माना जाता है। भारत के प्रशासनिक ढांचे में न्यायपालिका और चुनाव आयोग सरकार के अंग नहीं बनाये गये हैं और ये स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी हैं और इनका कार्य भी राजनीति से परे ह्यअराजनैतिकह्न होता है अतः चुनाव आयोग का रुतबा भी हमारे संविधान के ढांचे में कार्यपालिका, न्यायपालिका व विधायिका के समकक्ष ही रखा गया है। हालांकि चुनाव आयोग के पास देश की राजनैतिक व्यवस्था अर्थात राजनैतिक दलों को अनुशासित रखना और इन्हें संविधान के प्रति जवाबदेह बनाये रखने की जिम्मेदारी होती है परन्तु यह कार्य वह पूरी तरह अराजनैतिक बने रह कर एक न्यायिक संस्था के रूप में ही करता है। भारत में एक गलतफहमी अक्सर पाई जाती है कि हम चौखम्भा राज को न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व स्वतन्त्र प्रेस को मानते हैं जबकि संविधान निमार्ता डा. भीम राव अम्बेडकर ने देश को संविधान सौंपते हुए कहा था कि भारत के लोकतन्त्र के चार खम्भे न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व चुनाव आयोग होंगे। इनमें चुनाव आयोग का कार्य लोकतन्त्र की आधारभूत जमीन तैयार करना होगा जिस पर बाकी तीन खम्भे खड़े होंगे। यदि हम गौर से देखें तो यह चुनाव आयोग ही है जो निष्पक्ष व स्वतन्त्र और निर्भयता के माहौल में चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाता है और देश को विधायिका सौपता है जिसके पास कानून बनाने से लेकर उनमें संशोधन करने का अधिकार होता है और कार्यपालिका के नेतृत्व में राष्ट्र व इसके लोगों के विकास की परियोजनाओं को सिरे चढ़ाता है। न्यायपालिका देश का शासन संविधान के तहत चले इसकी गारंटी करती है। मगर 1967 तक देश में चुनावों को लेकर कभी किसी प्रकार का विवाद पैदा नहीं हुआ अतः पचास के दशक के अंत से साठ के दशक तक समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने चौखम्भा राज की परिभाषा में चुनाव आयोग की जगह स्वतन्त्र प्रेस को डाल दिया और इसे लोकतन्त्र के पहरेदार की भूमिका बख्शते हुए चौथा खम्भा बता दिया परन्तु चौखम्भा राज की यह लोकोक्त परिभाषा थी जबकि शास्त्रोक्त परिभाषा में चुनाव आयोग ही था। अतः चुनाव आयोग की भूमिका को कम करके देखने का कभी सवाल ही पैदा ही नहीं हुआ। संभवतः केन्द्र सरकार ने इन्हीं सब तथ्यों को देखते हुए विधेयक को आगे के लिए टाल दिया है। संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त समेत चुनाव आयुक्तों को नियुक्त करने का तो अधिकार राष्ट्रपति को दिया गया है मगर उन्हें पद से हटाने का अधिकार केवल संसद के पास ही अभियोग चला कर है। राष्ट्रपति यह नियुक्ति केन्द्र सरकार की सिफारिश के आधार पर करते हैं और सरकार किसी भी वरिष्ठ सचिव स्तर के उच्चाधिकारी की नियुक्ति की अनुशंसा कर सकती थी। इसके लिए कोई प्राधिकृत नियमावली नहीं थी। अतः आजादी के बाद से ही ऊंचे पद पर आसीन अधिकारी को इस पद पर बैठाने की परंपरा डाली गई।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल के पीएम चीन की यात्रा पर

**बीजिंग।** स्टेट काउंसिल के प्रमुख ली कियांग के निमंत्रण पर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड 23 से 30 सितम्बर तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि यात्रा के दौरान प्रचंड हांगझू में 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

### रूस ने यूक्रेन के शहरों पर किए हमले

**कीव।** रूस ने बुधवार रात यूक्रेन के पूर्वी और मध्य शहरों पर हमले किए, जिसमें कम से कम 14 लोग घायल हो गए। कीव के मेयर विताली क्लित्सको ने कहा कि शहर में रूस के हमलों में सात लोग घायल हुए हैं और कुछ रिहायशी व वाणिज्यिक इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। खारकीव के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने कहा कि स्लोबिड्स्की जिले में कम से कम छह हमले हुए, जिसमें बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है। शहर के मेयर ने कहा कि दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अमेरिका में UAW के खिलाफ हड़ताल जारी

**शिकागो।** अमेरिका में मिशिगन प्रांत के डिट्रायट महानगर में स्थित यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स (यूएडब्ल्यू) की तीन बड़ी वाहन निर्माताओं के खिलाफ हड़ताल छठें दिन भी जारी है। जनरल मोटर्स कंपनी मिसौरी में अपने वेंट्ज़विले असेंबली प्लांट पर यूएडब्ल्यू की हड़ताल के कारण कैनसस में अपने फेयरफैक्स प्लांट में कामकाज निष्क्रिय हो गया है। डेट्रॉइट न्यूज ने बुधवार को जनरल मोर्टर के बयान के हवाले से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वेंट्ज़विले असेंबली में हड़ताल के आवान के यूएवी के फैसले का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

### लेबनान : अमेरिकी दूतावास के बाहर गोलीबारी

**बेरूत ।** लेबनान की राजधानी बेरूत में बुधवार देर रात एक अज्ञात बंदूकधारी ने अमेरिकी दूतावास के बाहर गोलियां चलाईं। दूतावास के प्रवक्ता जैक नेल्सन ने एक बयान में बताया कि उपनगर अवकार में दूतावास के 'प्रवेश द्वार के आसपास छोटे हथियारों से गोलियां चलने की सूचना मिली थी।' उन्होंने कहा, 'कोई घायल नहीं हुआ और हमारा परिसर सुरक्षित है। हम मेजबान देश के कानून प्रवर्तन प्राधिकारियों के साथ निकट संपर्क में हैं।' इस साल 18 अप्रैल को बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर घातक बम हमले की 40वीं बरसी थी।

### भारतवंशी ब्रिटेन में गणेश चतुर्थी के मौके पर रिहा

**लंदन।** ब्रिटेन में गिरफ्तार किए गए भारतीय मूल के व्यक्ति को पुलिस ने रिहा कर दिया है। इस 55 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान आपातकालीन कार्यकर्ता पर हमला करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। बेलग्रेव रोड लीसेस्टर पर सोमवार को हुए एक धार्मिक उत्सव समारोह के बाद एक जुलूस से संबंधित घटना की जांच जारी है। लीसेस्टर पुलिस ने एक बयान में कहा, 55 वर्षीय एक व्यक्ति को 18 सितंबर को लीसेस्टर के बेलग्रेव रोड पर एक आपातकालीन कर्मचारी के हमले के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

# ईरान : हिजाब पर सख्त कानून पारित

**दुबई (एपी)।**

ईरान की संसद ने एक विधेयक पारित किया है जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पहनने से इनकार करने वाली महिलाओं तथा उनका साथ देने वालों पर भारी जुमनि का प्रावधान है। ईरान ने यह कदम 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के एक वर्ष पूरा होने के कुछ वक्त बाद उठाया है।

महसा अमीनी को इस्लामिक परिधान परंपरा का पालन नहीं करने के आरोप में 'मोरैलिटी पुलिस' ने हिरासत में लिया था। बाद में अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। घटना के विरोध में देश में कई महीनों तक प्रदर्शन हुए थे और सत्ता विरोधी स्वर भी तेज हुए थे।

हिजाब को लेकर पारित इस विधेयक में हिजाब नहीं लगाने पर महिलाओं पर भारी जुमनि के अलावा उन कारोबारियों को भी दंड देने का प्रावधान है जो हिजाब नहीं पहनीं महिलाओं को सामान बेचते हैं या अन्य प्रकार की सेवाएं देते हैं। इस विधेयक के खिलाफ लामबंद होने पर अधिकार कार्यकर्ताओं को भी दंडित किए जाने की प्रावधान है। दोषियों को इन अपराधों के लिए दस वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है।



**हिजाब न पहनने और उसके समर्थकों को देना होगा भारी जुर्माना**

ईरान की 290 सदस्यीय संसद में 152 सांसद इसके पक्ष में थे। इस विधेयक को अब अंतिम मंजूरी के लिए 'गार्डियन काउंसिल' के पास भेजा जाएगा। यह मौलवियों की एक इकाई है जो संवैधानिक निगरानीकर्ता के तौर पर काम करती है।

अमीनी की मौत के बाद 16 सितंबर 2022 से देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए थे। प्रदर्शनकारियों पर सरकार ने कड़ी कार्रवाई की जिससे इस वर्ष की शुरुआत में जाकर प्रदर्शनों पर काबू पाया जा सका। सरकार की कार्रवाई में 500 से अधिक प्रदर्शनकारी मारे गए और 22,000 से अधिक को हिरासत में लिया गया।

# यूएन में फिर उठा भारत में अल्पसंख्यकों का मुद्दा

**वाशिंगटन (भाषा)।**

अल्पसंख्यक मामलों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक फर्नांड डी वेरेन्स ने यूएससीआईआरएफ से कहा कि भारत में विशेषकर धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का 'लगातार' और 'चिंताजनक' क्षरण हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक ने बुधवार को एक सुनवाई के दौरान अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) से कहा कि भारत में हालात को तीन शब्दों में संक्षेप में बताया जा सकता है - 'व्यापक, व्यवस्थित और खतरनाक।' यूएससीआईआरएफ ने घोषणा की थी कि वह 20 सितम्बर को भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर सुनवाई करेगा। भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन वाली यूएससीआईआरएफ की पूर्व की एक रिपोर्ट को पहले भी खारिज किया था। डी वेरेन्स ने आरोप लगाया कि भारत में खासतौर से धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का 'लगातार' और 'चिंताजनक' क्षरण हो रहा है।



**कहा, भारत में अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का लगातार हो रहा क्षरण**

उन्होंने कहा, 'भारत के खासतौर से धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों जैसे कि मुस्लिम, ईसाई, सिख और अन्य को निशाना बनाते हुए व्यापक पैमाने पर उल्लंघन और दुरुपयोगों के कारण अस्थिरता, अत्याचार तथा हिंसा के दुनिया के प्रमुख जन्मदाता में से एक बनने का जोखिम है। यह व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है और धार्मिक राष्ट्रवाद को प्रदर्शित करता है।' यह सुनवाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच जून और सितम्बर में दो सफल द्विपक्षीय बैठकों के बाद हुई है। यूएससीआरएफ अध्यक्ष अब्राहम कूपर ने दावा किया कि भारत में मुस्लिम, सिख, ईसाई, दलित और आदिवासियों पर 'हमले और उन्हें डराने-धमकाने के कृत्य बढ़ रहे हैं।' भारत ने इस साल दो मई को देश में धार्मिक स्वतंत्रता के कथित 'गंभीर उल्लंघनों' का आरोप लगाने वाली यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को ''पक्षपातपूर्ण'' बताया था।

# कनाडा में रह रहे हिंदू 'आसान लक्ष्य' : भारतवंशी सांसद

**टोरंटो (आईएएनएस)।**

यह कहते हुए कि भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने गुरुवार को आगाह किया कि कनाडा में रह रहे हिंदू 'आसान लक्ष्य' हैं। उन्होंने हाल ही में एक खालिस्तानी नेता के देश छोड़ने की धमकी पर शांत व सतर्क रहने का आग्रह किया। भारत द्वारा घोषित खालिस्तानी आतंकवादी और गैरकानूनी सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत-कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी है। इससे समुदाय स्तब्ध और भयभीत है।



**सांसद ने कहा, हमारे अधिकांश कनाडाई सिख भाई-बहन खालिस्तान आंदोलन का समर्थन नहीं करते**

**खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू ने भारत-कनाडाई हिंदुओं को दी है देश छोड़ने की धमकी**

सांसद आर्य ने गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक लंबी पोस्ट में लिखा, मैंने कई हिंदू-कनाडाई लोगों से सुना है, जो इस लक्षित हमले के बाद भयभीत हैं। मैं हिंदू-कनाडाई लोगों से शांत, लेकिन सतर्क रहने का आग्रह करता हूं। कृपया स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को हिंदूफोबिया की किसी भी घटना की रिपोर्ट करें। हिंदू सांसद ने कहा कि पन्नुन हिंदू-कनाडाई लोगों को प्रतिक्रिया देने और कनाडा में हिंदू और सिख समुदायों को विभाजित करने के लिए उकसाने की कोशिश कर रहा है, जो पारिवारिक रिश्तों और साझा सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से जुड़े हुए हैं। आर्य ने कहा, मैं स्पष्ट कर दूं। हमारे अधिकांश कनाडाई सिख भाई-बहन खालिस्तान आंदोलन का समर्थन नहीं करते हैं। अधिकांश सिख कनाडाई कई कारणों से सार्वजनिक रूप से खालिस्तान आंदोलन की निंदा नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हिंदू-कनाडाई समुदाय से जुड़े है। आर्य ने कहा, कनाडा में उच्च नैतिक मूल्य हैं और हम पूरी तरह से कानून के शासन को कायम रखते हैं। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद का महिमामंडन या किसी धार्मिक समूह को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध की अनुमति कैसे दी जा रही है।

# महिलाओं ने चलाई रास

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा पूरी तरह से महिलामय रही। सदन की कार्यवाही का संचालन की जिम्मेदारी जहां महिला राज्यसभा सदस्यों ने संभाली वहीं राज्यसभा सचिवालय की महिला कर्मचारियों ने रिपोर्टिंग भी की। सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सुबह राज्यसभा में यह व्यवस्था दी थी कि सदन की कार्यवाही का संचालन महिला सांसद बतौर पीठासीन अधिकारी करेंगी।

| | |
|---|---|
| पीटी उषा | इंदुबाला गोस्वामी |
| एस फांगनोन कोण्यान | कनिमोझी |
| जया बच्चन | एनवीएन सोमू |
| सरोज पांडे | कविता |
| रजनी अशोक राव पाटिल | पाटीदार |
| डॉ फोजिया खान | महुआ माजी |
| डोला सेन | डॉ कल्पना सैनी |
| | सुलता देव |

**महिला सांसदों की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी :** राष्ट्रपति की मुहर लगने और सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करने के बाद यह कानून लागू हो जाएगा। इसके कानून बन जाने के बाद 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की मौजूदा संख्या (82) से बढ़कर 181 हो जाएगी।

# ट्रूडो ने भारत पर पूछे गए सवालों पर साधी चुप्पी

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रमुख खालिस्तानी अलगाववादी नेता की हत्या में भारत की संलिप्तता के बारे में संसद में लगाए गए उनके आरोपों को भारत द्वारा खारिज किए जाने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। ट्रूडो संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 78वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय आए हैं।

बुधवार को वह संयुक्त राष्ट्र परिसर में विशेष रूप से निर्मित एसडीजी पवेलियन में आयोजित जलवायु महत्वाकांक्षा शिखर सम्मेलन, यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक और 'ग्लोबल कार्बन प्राइसिंग' विषय पर एक कार्यक्रम में शामिल हुए। संयुक्त राष्ट्र परिसर में दो अलग-अलग अवसरों और आयोजन स्थलों पर ट्रूडो से भारत द्वारा उनके आरोपों को खारिज करने को लेकर सवाल पूछा लेकिन उन्होंने इनका जवाब नहीं दिया और अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ वहां से चले गए। भारत ने कनाडा की संसद में दिए गए ट्रूडो के बयान को दृढ़ता से खारिज किया और कहा कि 'कनाडा में किसी भी तरह की हिंसा में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके और बेबुनियादी हैं'।



**निज्जर हत्याकांड से जुड़े आरोपों का मामला**

ट्रूडो ने कनाडा की संसद में प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर (45) की हत्या में 'भारत सरकार के एजेंटों' की भूमिका का आरोप लगाया था। निज्जर भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था और उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। पश्चिमी कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर दो अज्ञात हमलावरों ने 18 जून को निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हाल के महीनों में भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। कारोबार वार्ता पटरी से उतर गई है और कनाडा ने हाल में व्यापार वार्ता भी रद्द कर दी।

दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनयिक विवाद के बीच भारत ने कनाडा में रह रहे अपने सभी नागरिकों और देश की यात्रा का विचार कर रहे लोगों को उत्तर अमेरिकी देश में बढ़ती घृणा अपराध और भारत विरोधी घटनाओं के मद्देनजर 'अत्यंत सावधानी' बरतने की सलाह दी है। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बेहद कड़े शब्दों में अपने परामर्श में भारतीय राजनयिकों और 'भारत विरोधी एजेंडा' का विरोध करने वाले भारतीय समुदाय के एक वर्ग को निशाना बनाए जाने के 'खतरे' का उल्लेख किया और ऐसी घटनाओं के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को कनाडा की यात्रा करने से बचने को कहा।

### कनाडा ने भारत के परामर्श को खारिज किया

**टोरंटो (भाषा)।** कनाडा सरकार ने देश में सुरक्षा खतरों को लेकर भारत द्वारा जारी किए गए यात्रा परामर्श को खारिज करते हुए कहा कि यह दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक है और उसने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# NIA खालिस्तान समर्थकों पर कस रही शिकंजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मार्च में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले में शामिल 10 आरोपियों की तस्वीरें जारी की हैं और लोगों से इनके बारे में सूचना देने को कहा है।

एनआईए ने वांछित आरोपियों के खिलाफ 'पहचान का अनुरोध और सूचना' के संबंध में तीन नोटिस जारी की हैं और ऐसी सूचनाएं मांगी हैं, जो आरोपियों को गिरफ्तार करने या पकड़ने में मददगार साबित हो। इस संबंध में जारी दो नोटिस में प्रत्येक में दो आरोपियों की तस्वीरें हैं, वहीं तीसरे नोटिस में मामले के अन्य छह आरोपियों की तस्वीरें हैं। एजेंसी ने आरोपियों के बारे में जानकारी साझा करने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं करने का वादा किया है।

**सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले के 10 आरोपियों के बारे में लोगों से सूचना देने को कहा**

एनआईए के मुताबिक 18 और 19 मार्च की दरमियानी रात में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद मामला दर्ज किया गया था। कुछ खालिस्तानी समर्थक कथित तौर पर वाणिज्य दूतावास में घुस गए थे और उसे आग के हवाले करने की कोशिश की थी। एजेंसी ने कहा कि उसी दिन खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लगाए, शहर की पुलिस द्वारा लगाए गए अस्थाई सुरक्षा अवरोधों को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर में दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे, इमारत को क्षतिग्रस्त किया था और अधिकारियों पर हमला किया था।

# हुआवेई सर्वर को अमेरिका कर रहा हैक : चीन

**हांगकांग (आईएएनएस)।**

प्रौद्योगिकी को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच, बीजिंग ने वाशिंगटन पर 2009 से हुआवेई के सर्वर को हैक करने और महत्वपूर्ण डेटा चुराने के लिए साइबर हमले करने का आरोप लगाया है। मीडिया ने यह जानकारी दी।

निक्केई एशिया के अनुसार, चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने अपने आधिकारिक वीचैट अकाउंट पर पोस्ट किया, इसमें साइबर जासूसी और चोरी में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के प्रमुख घृणित तरीकों का खुलासा किया गया। पोस्ट में अमेरिकी सरकार पर हुआवेई सर्वर को हैक करने का आरोप लगाया गया। पोस्ट में लिखा है, 2009 में, टेलर्ड एक्सेस ऑपरेशंस के कार्यालय ने हुआवेई के मुख्यालय में सर्वर में घुसपैठ करना शुरू कर दिया और इस तरह के निगरानी अभियान जारी रखे। अमेरिकी विदेश विभाग ने अभी तक चीनी आरोप पर कोई टिप्पणी नहीं की है। पोस्ट में आगे कहा गया कि चीन के राष्ट्रीय कंप्यूटर वायरस आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र ने 'सेकंड डेट' नामक स्पाइवेयर निकाला। 'सेकंड डेट' मैलवेयर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी द्वारा विकसित साइबर-जासूसी मैलवेयर है, जो दुनिया भर के कई देशों में हजारों नेटवर्क में गुप्त रूप से संचालित होता है। मंत्रालय ने पोस्ट में कहा, इस स्पाइवेयर के साथ, अमेरिका ने हजारों उपकरणों पर नियंत्रण हासिल कर लिया था और बड़ी मात्रा में उच्च-मूल्य डेटा चुरा लिया था। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बीच, इस महीने की शुरुआत में, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने खुलासा किया कि जो बाइडेन सरकार मेट 60 प्रो स्मार्टफोन में इस्तेमाल किए गए नए, 'मेड इन चाइना' हुआवेई चिपसेट के बारे में अधिक जानना चाहती है।

**अमेरिका ने चीन के आरोप पर नहीं की कोई टिप्पणी**

### पाक में जनवरी के आखिरी हफ्ते में होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में कराए जाएंगे। आयोग ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य की समीक्षा की है और परिसीमन किए गए निर्वाचन क्षेत्रों की शुरुआती सूची 27 सितंबर को जारी की जाएगी। आयोग ने बताया कि सूची के संबंध में आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद 30 नवंबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी। उसने बताया कि आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में कराए जाएंगे। पाकिस्तान में कानून के तहत नेशनल असंबेली को भंग करने के 90 दिनों के भीतर आम चुनाव कराए जाने चाहिए, जिसे नौ अगस्त को भंग कर दिया गया था।



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

# प्रियंका ने पूछा, यूपी में धान क्यों कम कीमत पर खरीद रहे

**रायपुर (एसएनबी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई समेत बेरोजगारी व अन्य के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाया।

श्रीमती गांधी ने भिलाई में सीएम भूपेश बघेल के साथ महिला समृद्धि सम्मेलन में 400 करोड़ रुपयों के विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमि पूजन किया।

प्रियंका ने कहा, प्रधानमंत्री के उद्योगपति दोस्त करोड़ों कमा रहे है जबकि देश में किसान एक दिन में 27 रुपये कमाता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री यहां आकर धान खरीदी का श्रेय लेते हैं। यूपी में कम कीमत में धान क्यों खरीद रहे है। केंद्र की नीतियों से महंगाई बढ़ी, देश की बड़ी संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को दे दी गई। 8-8 हजार करोड़ में पीएम ने दो हवाई जहाज खरीदे है।



प्रियंका गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर केंद्र की बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा, महंगाई बहुत ज्यादा हो गई है। देश का किसान महंगाई के कारण परेशान है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार की सहायता नहीं करती है, केंद्र सरकार के नीति के कारण जनता का नुकसान हो रहा है। गरीब और मिडिल क्लास महंगाई में पिस रहा है।

जी20 शिखर सम्मेलन में 27 हजार करोड़ खर्च किए। केंद्र सरकार ने गरीब और मिडिल क्लास से रोजगार छीना है। पीएम मोदी रोजगार पर जवाब नहीं दे पाते है। उन्होंने एक किस्सा सुनाया। मेरे पिता जी जब पीएम थे, उनके साथ मै अमेठी गई थी। वे जीप चलाते हुए एक गांव पहुंचे। सड़क पर उतरे तो एक महिला उठी और पिता को डांटने लगी। लगभग चिल्लाते हुए कहने लगी उनके गांव की सड़क डूब गई है और आप इसके लिए क्या कर रहे हैं। पिताजी ने उनको सही-सही जवाब दिया। बाद में जब मैंने उनको पूछा कि क्या आपको इस पर बुरा नहीं लगा तो पिताजी ने कहा, सवाल करना उसका काम था और जवाब देना मेरा काम था। प्रियंका ने कहा, आज राजनीति में सवाल पूछना गुनाह हो गया है और जवाब तो आते ही नहीं। ये तब की राजनीति है, जब जनता को जवाब देना पड़ता था। प्रियंका के साथ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, सीएम भूपेश, टीएस सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंच पर मौजूद रहे।

**प्रियंका ने भंवरा भी चला लिया :** प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों के बीच लोकप्रिय खेल भवरा को भी चलाया। जिस प्रकार से मझे अंदाज में उन्होंने भंवरा चलाया उसको देखकर लोग चकित रह गए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जब प्रियंका जी ने भंवरा खेला तो मुझे लगा वे ठीक तरह से नहीं चला पाएंगी लेकिन उन्होंने बहुत बढ़िया तरीके से भंवरा चलाया।

# नशे के कारोबारी जस्टिन ट्रूडो तक पहुंचा रहे पैसा : बिट्टू

**नई दिल्ली (भाषा)।**

कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच बृहस्पतिवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि कनाडा में बैठकर पंजाब में नशे के कारोबार चला रहे लोग वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो तक पैसा पहुंचा रहे हैं, इसलिए वह भारत-विरोधी बयान दे रहे हैं।



**कहा, सिखों को बांटने की कोशिश नहीं की जाएगी बर्दाश्त**

बिट्टू ने 'चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धियों' विषय पर चर्चा के दौरान कनाडाई प्रधानमंत्री द्वारा वहां की संसद में दिए गए एक बयान का मुद्दा उठाया और कहा कि सिखों को बांटने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिट्टू ने सरकार की विदेश नीति का समर्थन करते हुए यह कहा कि भारत इतनी ताकत रखता है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को 'सर्जिकल स्ट्राइक' करके वापस लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी ट्रूडो के बयान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उनका कहना था, मैं एक सिख हूं, इसलिए खड़ा हूं। सिख बहुत भावुक कौम है इसलिए उसमें दरार डालने की कोशिश की जा रही है। बिट्टू ने कहा, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ऐसा कभी नहीं हुआ था। कनाडा का प्रधानमंत्री हमारे देश और हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ अपनी संसद में बोल रहे हैं।

बिट्टू ने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे का जो खेल चल रहा है, वह सारा का सारा पैसा ट्रूडो के पास जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रूडो ने जो बयान दिया है, उससे कनाडा की छवि खराब होगी। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि पंजाब में जितनी हत्याएं हो रही हैं, उसके लिए जिम्मेदार गैंगस्टर कनाडा में बैठे हुए हैं। बिट्टू का कहना था कि कनाडा में सिख समुदाय के 99.5 प्रतिशत लोग इनके साथ नहीं हैं और सिर्फ आधे प्रतिशत लोग ही ट्रूडो के साथ हैं। उन्होंने कनाडा में सात लाख भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं और लोगों का लाखों करोड़ रुपये लग चुके हैं, ऐसे में दोनों देशों के संबंध खराब होना ठीक नहीं है।

बिट्टू ने ट्रूडो पर कटाक्ष करते हुए कहा, अगर उनका विमान खराब हो गया और तीन दिनों तक उन्हें यहां रुकना पड़ गया तो इसमें हमारी गलती तो नहीं है...इस संसद से आग्रह करते हैं कि उनके लिए एक नया विमान हम खरीद देते हैं। उनका कहना था कि यूक्रेन के मामले पर भारत ने अपना एक रुख अपनाया और उसकी तकलीफ कई देशों को हुई है।

# टीवी फेम मल्हार पांडेय और प्रिया पाटीदार शादी के 9 साल बाद लेंगे एक दूसरे से तलाक

बॉलीवुड इंडस्ट्री में पिछले कुछ समय से कई कपल्स के तलाक की खबरें लगातार सामने आ रही है ऐसे में बीते दिनों पहले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कुशा कपिला ने अपने पति जोरावर से तलाक की अनाउंसमेंट की वहीं अब दोनों की शादी टूटने जा रही है और लगातार ये कपल सुर्खियां बटोरता दिखाई दे रहा है। वही अब इस लिस्ट में इंडस्ट्री के एक और कपल का नाम भी शामिल हो गया है दरअसल इश्कबाज फेम एक्टर मल्हार पांडेय शादी के 9 साल बाद अपनी पत्नी प्रिया से अलग हो रहे है अलग हो रहा ये कपल इन दिनों मीडिया में काफी लाइमलाइट में बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिसंबर 2014 शादी के बंधन में बंधा कपल मल्हार पांडेय और सिंगर प्रिया पाटीदार काफी समय से अलग-अलग रह रहे है।अब शादी के 9 साल बाद ये कपल इस साल के अंत में तलाक के लिए अर्जी देगा। सामने आई रिपोर्ट के मुताबिक



दोनों एक साल पहले अलग हो गए थे।वही अब रिपोर्ट्स के मुताबिक कपल के एक क्लोज सोर्स ने बताया दोनों के बीच अनबन लॉक डाउन के दौरान ही शरू हो गई थी ये दोनों एक साल से ज्यादा समय से अलग रह रहे है। गुप्त सूत्र ने आगे कहा कि- ये दोनों एक दूसरे से बात तक नहीं करते हैं, न ही एक दूसरे के बीते एक साल से कांटेक्ट में है।इसी के साथ ऐसी कयास लगायी जा रही है कि ये दोनों साल के अंत तक एक दूसरे को तलाक के लिए अर्जी दाखिल करेंगे।आपकी जानकारी के लिए बता दें, मल्हार आखिरी बार टीवी पर शो राधाकृष्ण में साल 2020 में नजर आए थे।इस बीच इश्कबाज एक्टर भी अपने परिवार के साथ अब यूएस चले गए है।रिपोर्ट के मुताबिक सोर्स ने बताया कि मल्हार के पास भारत रुकने का कोई कारण नहीं है, उन्होंने कहा कि उन्हें अब अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से ब्रेक लेना है।इसीलिए अब वह अपने परिवार के साथ समय बीताना चाहते है।

# चंद्रयान 3 की महिला वैज्ञानिकों के लिए कंगना रनौत ने कह दी ये बात

## बिंदी-सिंदूर और मंगलसूत्र पर की टिपण्णी !



बॉलीवुड की बेबाक एक्ट्रेस कही जाने वाली कंगना रनौत आए दिन अपने बेबाक बयान को लेकर सुर्खियों में छाई रहती हैं। दअरसल कंगना हर मुद्दे पर बड़े ही बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। वो राय चाहे बॉलीवुड से जुड़ा हो या फिर देश के किसी भी मुद्दे से। इस वक्त पूरा देश चंद्रयान 3 की सफलता का जश्न मना। ऐसे में अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी (इसरो) के इस जाबाज काम के लिए कंगना ने भी तारीफ के पूल बांध दिए हैं। जहां एक्ट्रेस ने इसरो में काम करने वाली महिला वैज्ञानिकों की तारीफ में काफी कुछ कह दिया हैं। दरअसल कंगना में अपने ऑफिसियल इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा कर इसरो में काम करने वाली महिला वैज्ञानिकों की तारीफ की हैं। जहां तारीफों के पूल बांधते हुए कंगना यह कहते दिखी हैं की- कंगना ने इंस्टाग्राम पर इन महिला वैज्ञानिकों की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- इंडिया की लीडिंग साइंटिस्ट को देखिए, सभी ने साड़ी पहनी हुई हैं, उनके माथे पर बिंदी- सिंदूर है। मंगल सूत्र भी पहना हुआ है। यह सादा जीवन उच्च विचार का प्रतीक है। यह असली भारतीयता है। कंगना ने इसके साथ नेशनल फ्लैग वाला इमोजी भी लगाया। बता दे की कंगना ने जो तस्वीर साझा की हैं उसमे चंद्रयान 3 मिशन पर काम करने वाली वैज्ञानिकों के चेहरे पर सफलता की खुशी साफ नजर आ रही है। साथ ही सभी कैमरे के सामने पोज देते हुए मुस्कुरा रही हैं। चंद्रयान-3 मिशन पर काम करने वाली महिला वैज्ञानिकों की सादगी देख कंगना काफी प्रभावित हुई हैं। बता दे की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मन की बात कार्यक्रम में महिला वैज्ञानिकों के प्रतिभा और डेडिकेशन का जिक्र किया। जहां उन्होंने कहा -भारत का मिशन चंद्रयान, नारी शक्ति का भी जीवंत उदाहरण है। कंगना रनौत के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही पी वासु के निर्देशन में बनी चंद्रमुखी 2 में नजर आने वाली हैं। जो ब्लॉकबस्टर तमिल हॉरर फिल्म श्चंद्रमुखीश का सिक्वल है। इसके अलावा एक्ट्रेस जल्द ही तेजस और इमरजेंसी में भी नजर आएंगी। बता दे की इमरजेंसी में कंगना एक्टिंग के साथ-साथ इस फिल्म को प्रोडूस भी कर रही हैं। जिसके लिए कंगना काफी समय से मेहनत करती हुई दिख रही है।



# उर्फी जावेद

## ने बोल्ड अवतार में लगा दी आग, एक्ट्रेस ने अतरंगी अंदाज में खेला गुल्ली डंडा

बॉलीवुड की फेमस फैशन डिजाइनर कही जाने वाली उर्फी जावेद आए दिन अपने अतरंगी कपड़ो को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। दरअसल उर्फी हर बार पैपराजी के सामने ऐसे कपड़े पहन कर आ जाती हैं जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होती हैं। इसी के साथ उर्फी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। जहां वो अपने फैंस को अपने लाइफ से जुडी पल-पल का अपडेट देती रहती हैं। ऐसे में अब उर्फी ने अपने सोशल मीडिया पर एक और नया पोस्ट शेयर कर दिया हैं। जो देखते के साथ ही इंटरनेट पर तेजी से वायरल होनी भी शुरू हो गयी हैं। दरअसल उर्फी जावेद ने अपने सोशल मीडिया पर एक लेटेस्ट पोस्ट साझा की हैं। जो इस वक्त इंटरनेट पर हॉट टॉपिक बना हुआ हैं। अपने इस नए लुक में उर्फी बोल्ड टॉप पहने गुल्ली डंडा खेलते हुए दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर में ऑरेंज कलर का फुल बाजू टॉप पहने नजर आ रही हैं। ये टॉप फ्रंट से सिर्फ एक पतली-सी डोरी पर टिका हुआ है और बाकि ओपन है। ओपन टॉप पहने उर्फी बोल्ड अंदाज में पोज देते नजर आ रही है। इस तस्वीर में वो एक हाथ में स्टिक लेकर स्नूकर गेम की टेबल पर पोज कर रही हैं। इसके साथ ही उर्फी ने इस पोस्ट के कैप्शन में गुल्ली डंडा लिखा है। उर्फी जावेद का ऐसा अवतार देखने के बाद लोग खुद को उनके पोस्ट पर कमेंट करने से नहीं रोक पा रहे हैं। उर्फी हर बार अपने ड्रेस के साथ कुछ ऐसा क्रिएटिव कर जाती हैं जिसे देखने के बाद लोगों के होश उड़ जाते हैं। वही अब उर्फी के इस पोस्ट पर यूजर्स के ढेरो कमेंट भी देखने को मिल रहे हैं। जहां एक यूजर ने कमेंट कर लिखा हैं की- कोई इस दीदी को बताओ की इसे गुली डंडा नहीं बल्कि स्नूकर कहते हैं। वही एक यूजर ने कमेंट कर लिखा हैं की-आपके पास कपडे नहीं हैं तो हमारे ले जाओ, लेकिन अश्लीलता मत फैलाओ, वही एक यूजर ने तो कमेंट कर यह तक लिख दिया हैं की- मैं आपको बनारसी साड़ी में देखना चाहती हूं, एकदम रेखा स्टाइल में, प्लीज एक बार जरूर पहनना वही अब इस तरह के ढेरो कमेंट कर यूजर्स लगातर उर्फी की तारीफ और ट्रोल करते हुए दिख रहे हैं। उर्फी के करियर की बात करें तो उन्होंने मॉडलिंग से शुरूआत की और फिर बाद में धीरे-धीरे कई टीवी सीरियल जैसे ये रिश्ता क्या कहलाता है, मेरी दुर्गा आदि में नजर आईं। बिग बॉस ओटीटी में भी उर्फी ने अपनी ड्रेस के जरिए काफी सुर्खियां बटोरी थी। बता दे की उर्फी अपनी अजीबोगरीब ड्रेसिंग स्टाइल की वजह से लाइमलाइट में छाई रहती हैं। वो कभी खाने की चीजों से, तो कभी ब्लेड जैसी घर में इस्तेमाल होने वाली चीजों से ड्रेस बनाकर उसे पहने दिखाई देती हैं।

# नहीं हुआ अर्जुन कपूर मलाइका अरोड़ा का ब्रेकअप फिर एक साथ स्टॉप किया हुआ कपल

बीते कहीं दिनों से एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा दोनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं बीते दिनों से यह चर्चा थी कि मलाइका और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है इसी बीच रविवार को यह कपल मुंबई में एक रेस्टोरेंट में जब स्टाप हुआ दोनों वहां लॉन्च डेट के लिए एक साथ देखे गए इस दौरान दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है साथ ही दोनों के ब्रेकअप की खबरों पर भी इस वीडियो के आने के बाद और इन दोनों को एक साथ देखने के बाद विराम लग गया है। इस डेट पर मलाइका अरोड़ा को व्हाइट शर्ट और मैचिंग शॉट्र्स में देखा गया तो वही अर्जुन कपूर ने ब्लैक शर्ट के साथ ब्लैक ट्रैक पैंट पहनी थी



दोनों मुस्कुराते हुए पैपराडजी को पोज देते हुए नजर आए मलाइका ने इस लॉन्च डेट की एक तस्वीर थी अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर की थी लेकिन इस तस्वीर को बाद में एक्ट्रेस ने डिलीट कर दिया।इस स्टोरी में दोनों के गूगल टेबल पर पड़े नजर आ रहे थे मलाइका ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा-खूबसूरत दिन फिर आ गए इसी के साथ एक दिन पहले ही अर्जुन कपूर ने मलाइका के इंस्टा पोस्ट पर कमेंट किया था जिसके बाद लोगों को यह भ्रम खत्म हो गया कि दोनों अब अलग हो गए हैं मलाइका ने अपने जब का एक वीडियो अपने इंस्टा पर शेयर किया था इस वीडियो पर अर्जुन ने कमेंट कर लिखा- हैंडसम बॉय! इसके अलावा एक और कमेंट में उन्होंने लिखा कैस्पर त्रयानी मलाइका का डोगत्र आपकी लाइफ का रियल स्टार है। वही मिली जानकारी के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अर्जुन कपूर का नाम एक्ट्रेस कुशा कपिला से जोड़ा जा रहा था जिनका हाल ही में डाइवोर्स हुआ है इसी बीच मलाइका ने सोशल मीडिया से अर्जुन कपूर और उनके फैमिली मेंबर्स को भी अनफॉलो कर दिया था। हालांकि अर्जुन मालिका को फॉलो कर रहे थे पर दोनों के ब्रेकअप की चर्चा इस दौरान और ज्यादा चचाओं में आ गई थी। वहीं दोनों को जब एक साथ बीते दिन लांच डेट पर देखा गया तो फैंस दोनों को एक साथ देखा खुश हो रहे हैं और यह कयास लग रहे हैं कि दोनों अभी अलग नहीं हुए हैं।

# इस्लाम कबूलने के बादा रखी सावंत ने बदल लिया अपना नाम, कहा-मुझे फातिमा कहो

बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन कही जाने वाली राखी सावंत आए दिन अपनी हरकतों की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। राखी हर बार पैपराजी के सामने कुछ ऐसी हरकते कर देती हैं। जिसकी वजह से वो लाइमलाइट में आ जाती हैं। ऐसे में इन दिनों राखी की जिन्दगी में बवाल मचा हुआ हैं। जहां उनके पति आदिल खान ने जेल से बाहर आकर राखी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और उन पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। इसी बीच अब राखी इन सारे कंट्रोवर्सी से दूर अपना पहला उमराह करने मक्का-मदीना पहुंच गयी हैं। जहां से राखी ने कुछ चौकाने वाले बयान भी दे दिए हैं। दरअसल इस्लाम धर्म कबूलने के बाद राखी सावंत पहली बार उमराह के लिए



गयी हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने फैंस से घिरी हुई दिखाई दे रही हैं। मदीना में राखी सावंत बुर्का पहने नजर आईं। उन्होंने फैंस के साथ फोटोज भी खिंचवाई। एक जगह जब एक फैन ने उन्हें राखी बुलाया तो वह उन्हें कहती दिखीं कि उनका नाम फातिमा है। वह उन्हें फातिमा ही बुलाए। वही राखी का एक और वीडियो इस वक्त इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं जिसमे एक्ट्रेस अल्लाह के सामने इबादत करती दिख रही हैं। राखी के इस वीडियो पर यूजर्स जमकर अपना रिएक्शन देते हुए दिखाई दे रहे हैं। जहां कुछ यूजर्सइस दौरान राखी की तारीफ करते दिख रहे हैं। तो वही कुछ यूजर्स राखी के इस हरकत के लिए उन्हें जमकर ट्रोल करते हुए भी नजर आ रहे है। जहां एक यूजर ने कमेंट कर लिखा हैंकी- तूऔर कितना गिरेगी राखी, धर्म कोई मजाक नहीं हैं, जिन्दगी और लोग भी कोई मजाक नहीं हैं। वही एक यूजर ने कमेंट कर लिखा हैंकी-माशाल्लाह मेरी बहन अल्लाह आपको हमेशा खुशियां दे, वही एक यूजर ने तो कमेंट कर यह तक लिख दिया हैं की-अब इतनी बड़ी जगह गयी हैं, अब सुधर जा और नंगे कपडे पहनना बंद कर दे वही अब इस तरह के ढेरो कमेंट कर यूजर्स लगातर राखी को ट्रोल और तारीफ करते हुए दिख रहे हैं। बता दे की राखी सावंत ने पति आदिल खान दुरानी से निकाह के चलते इस्लाम धर्म कबूला था। उन्होंने मई 2022 में आदिल से गुपचुप निकाह किया था, जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने जनवरी 2023 में दी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### नया एडटेक सोल्यूशन

नई दिल्ली। शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कम्पनी किड्सप्रिन्योरशिप ने के-12 स्कूलों के लिए नए दौर का एडटेक सोल्यूशन पेश किया है जो उनके करिकुलम में 'एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट प्रोग्राम' शामिल करेगा। किड्स प्रेन्योरशिप का यह प्लेटफार्म युवा प्रतिभाओं में नई सोच और नवाचार को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ स्कूलों में उद्यमी बनने की शिक्षा का नया नजरिया सामने रखता है। किड्सप्रेन्योरशिप की संस्थापक और मुख्य विचारक सुश्री स्वाति गौबा ने इस शुरुआत पर खुशी जताई है।

### टीटीके प्रेस्टीज का नया उत्पाद

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी एवं सबसे भरोसेमंद रसोईघर उपकरण कंपनी टीटीके प्रेस्टीज ने मिक्सर ग्राइंडर्स की एक नई श्रृंखला नक्षत्र वी2 को लॉन्च किया है। भारत के हर रसोईघर में खाना पकाने के अनुभव को नयापन देने के लिए तैयार, यह मिक्सर ग्राइंडर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और स्टाइल का सबसे बढ़िया संयोजन है। नक्षत्र वी2 में 550 वाट की मोटर दी गई है और यह स्टाइल और कार्यात्मकता दोनों पर फोकस करती है और सबसे कठोर सामग्रियों को भी आसानी से पीस सकती है।

### अमेज़न मल्टी चैनल शुरू

बेंगलुरु। अमेजन ने भारत में मल्टी-चैनल फुलफिलमेंट (एमसीएफ) के लांच की घोषणा की। इस लांच के साथ, विभिन्न उद्योगों के डी2सी ब्रांड, निर्माता और खुदरा विक्रेता अपने पूर्ति कार्यों में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और अमेज़न की अखिल भारतीय उपस्थिति सहित विभिन्न बिक्री चैनल्स के जरिए ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सकते हैं। अमेजन की वाइस प्रेसीडेंट फुलफिलमेंट चैनल एवं ग्लोबल ट्रेड विवेक सोमारेड्डी ने कहा, 'मल्टी-चैनल सभी जरूरतों की पूर्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ समाधान के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करता है।

### बीएल कामधेनु का करार

नई दिल्ली। बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बीएल कामधेनु फार्म्स लिमिटेड की टीम ने दुधारू पशुओं, भ्रूण स्थानांतरण तकनीक और मवेशी आईवीएफ तकनीक के लिए एक अत्याधुनिक नस्ल सुधार केंद्र स्थापित करने की योजना प्रस्तुत की। नंद बाबा मिल्क मिशन योजना के अनुरूप यह किया जाएगा कि प्रमुख योजनाओं के लाभार्थी इस परिवर्तनकारी कृषि प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लें और लाभान्वित हों। हाल ही में योजना बरेली में लांच हुई है। नंद बाबा मिशन के तहत संचालित नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का उद्देश्य राज्य में मवेशियों की नस्ल और दूध उत्पादन को बढ़ावा देना है।

### रीसेल वैल्यू में हेक्टर आगे

लखनऊ (वि.)। बेस्ट रीसेल वैल्यू देने में एमजी हेक्टर डीजल एसयूवी शीर्ष पर रही है। जिसने हुंडई क्रेटा, टाटा हैरियर, महिंद्रा एक्सयूवी700, महिंद्रा एक्सयूवी300, किया सेल्टोस और हुंडई अल्काज़ार जैसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सफलता हासिल की। इसने सामान प्राइस रेंज के अन्य कारों की तुलना में असाधारण 85 फीसद रीसेल वैल्यू हासिल किया है। साथ ही, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। हेक्टर डीजल को समय की कसौटी पर खरा उतरने के लिए तैयार किया गया है।

### एयरक्रॉस एसयूवी की बुकिंग

लखनऊ (वि.)। फ्रेंच कार निर्माता सिट्रोएन ने अपनी आगामी सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की बुकिंग शुरू करने की घोषणा कर दी। अयोध्या रोड स्थित पीडीआरए टावर स्थित सिट्रोएन के शोरूम पर ऑल-न्यू सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी का मूल्य 9.99 लाख रुपये है। इस बारे में संजय मिश्रा, सीईओ, ला मेसन सेट्रोएन ने बताया कि इसकी डिलीवरी 15 अक्टूबर, 2023 से की जाएंगी। सिट्रोएन इंडिया की वेबसाइट पर 25,000 रुपए में होगी।

### कोटक महिंद्रा बैंक का करार

नई दिल्ली। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य में छात्रों को बेहतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक निःशुल्क मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक गैर-लाभकारी संगठन, खान एकेडमी इंडिया के साथ अपनी सीएसआर साझेदारी को मजबूत किया है। इस अवसर पर कोटक महिंद्रा बैंक के सीएसआर प्रमुख, हिमांशु निवसरकर ने कहा, 'हमें इस बात की खुशी हो रही है कि हम खान एकेडमी इंडिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करते हुए शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम और आगे ले जा रहे हैं।(एजेंसियां)

# इस बार त्योहारी सीजन में ज्यादा खर्च करने को उपभोक्ता तैयार

□ विलासिता वाले उत्पादों पर बढ़ेगा खर्च □ त्योहारी वस्तुओं की खरीद भी बढ़ेगी □ त्योहारों से पहले उपभोक्ता भरोसा बढ़ा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय उपभोक्ताओं का खर्च इस त्योहारी सीजन में बढ़ने की उम्मीद है। डेलॉयट की एक सर्वे रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि विलासिता वाले उत्पादों और त्योहारी सीजन की वस्तुओं की खरीद पर खर्च बढ़ने से कुल उपभोक्ता खर्च बढ़ेगा। डेलॉयट के 'कंज्यूमर सिग्नल्स रिसर्च' में कहा गया है कि लगभग आधे प्रतिभागियों को लगता है कि निकट भविष्य में अप्रत्याशित खर्च को वे आसानी से संभाल सकते हैं।

इसमें कहा गया, 'त्योहारी मौसम के निकट आते ही भारतीय उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ रहा है। सर्वे में शामिल 56 प्रतिशत लोगों ने उत्सव वाली वस्तुएं खरीदने को लेकर अपनी तैयारी के संकेत दे दिए हैं।' शोध में कहा गया कि त्योहारी सीजन के दौरान

**डेलॉयट की 'कंज्यूमर सिग्नल्स रिसर्च' रिपोर्ट का निष्कर्ष**

□ खरीदारों को लगता है आसानी से संभाल लेंगे बढ़ा हुआ खर्च
□ कपड़ों, पर्सनल केयर प्रोडक्ट की खरीद बढ़ने की आस
□ इन्टरटेनमेंट खर्च में वृद्धि की भी है उम्मीद




**56** फीसद लोगों ने इस सर्वे में उत्सव वाली वस्तुएं खरीदने की तैयारी की बात मानी

कपड़ों, पर्सनल केयर उत्पादों व मनोरंजन आदि पर खर्च बढ़ेगा। इसमें कहा गया, 'ये रुझान त्योहारी सीजन नजदीक आने पर खर्च में बढ़ोतरी की ओर इशारा करते हैं।'

डेलॉयट एशिया-प्रशांत के 'भागीदार और उपभोक्ता उद्योग लीडर राजीव सिंह ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि उपभोक्ताओं को 'प्रीमियम' और 'लक्जरी' वस्तुओं पर खर्च के लिए प्रेरित करती है।

## स्वीडन के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों में की बढ़ोतरी

**स्टाकहोम (एपी)।**

स्वीडन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर में बढ़ोतरी करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीतिक दबाव अब भी बहुत अधिक हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि महंगाई अब नीचे आ रही है।

'द रिक्सबैंक' ने अपनी नीतिगत दर को चौथाई प्रतिशत बढ़ाकर चार प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उसके अनुमानों से संकेत मिले हैं कि इसे और बढ़ाया जा सकता है। बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, 'स्वीडन में भी महंगाई कम हो रही है।

# घरेलू बचत में कमी संकट की बात नहीं

□ बचत घटने की खबरों पर वित्त मंत्रालय ने दी सफाई

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट को लेकर हो रही आलोचनाओं को बृहस्पतिवार को नकारते हुए कहा कि लोग अब दूसरे वित्तीय उत्पादों में निवेश कर रहे हैं और 'संकट जैसी कोई बात नहीं है।'

मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में घरेलू बचत में पिछले कई दशकों में आई सबसे बड़ी गिरावट और इसका अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर की जा रही आलोचनाओं को सिरे से खारिज कर दिया।

बयान के मुताबिक, 'घरेलू बचत में गिरावट और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को लेकर हाल में आलोचना की गई है। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब विभिन्न वित्तीय उत्पादों की ओर है। और यही कारण है कि घरेलू बचत कम हुई है। कुछ तबकों में जताई जा रही चिंता जैसी कोई बात नहीं है।' भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि शुद्ध घरेलू बचत वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रही जो पिछले 47 वर्षों का निचला स्तर है। इससे एक साल पहले यह 7.2 प्रतिशत थी। दूसरी तरफ घरेलू क्षेत्र की सालाना वित्तीय देनदारी बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गयी जो 2021-22 में 3.8 प्रतिशत थी।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि जून 2020 और मार्च 2023 के बीच घरेलू सकल वित्तीय परिसंपत्तियां 37.6 प्रतिशत बढ़ी। वहीं घरेलू सकल वित्तीय देनदारी 42.6 प्रतिशत बढ़ी। इन दोनों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं है। मंत्रालय ने कहा, 'परिवारों के स्तर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध वित्तीय परिसंपत्ति जोड़ी गई।

## डीजीसीए ने 57 हवाई अड्डों पर कामकाज की उचित समयसीमा संबंधित नियम लागू किए

**नई दिल्ली (भाषा)।**

नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा है कि हवाई यातायात नियंत्रकों के लिए उचित कामकाजी समयसीमा और आराम से संबंधित नियम अमृतसर, कोयंबटूर, पटना और इम्फाल सहित 57 हवाई अड्डों पर लागू किए गए हैं। नियमों के कार्यान्वयन से हवाई यातायात नियंत्रकों को अपने कर्तव्य का पालन करते समय पर्याप्त आराम मिलेगा।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से जारी बयान के अनुसार, वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (डब्ल्यूडीटीएल) और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसीओ) से संबंधित नियम बृहस्पतिवार से 57 हवाई अड्डों पर लागू किए जा रहे हैं। डीजीसीए के अनुसार, मानदंड आईसीएओ नियमों और देश के राष्ट्रीय, सामाजिक तथा सांस्कृतिक संदर्भों पर आधारित हैं, जो एटीसीओ के लिए वैज्ञानिक रूप से मान्य तथा उचित कामकाजी समय से जुड़े हुए हैं। डीजीसीए ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा प्रशस्त मार्ग के तहत चरणबद्ध तरीके से नियमों को अन्य हवाई अड्डों पर लागू किया जाएगा।

# परिवारों पर दोगुना हुआ कर्ज का बोझ

□ लोगों की शुद्ध बचत में दर्ज की गई 55 फीसद तक की गिरावट

□ लगभग 16 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया कर्ज का बोझ
□ घटकर 5.1 फीसद पर आई परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत
□ बीते 50 साल में सबसे कम है वित्तीय बचत का स्तर
□ घरेलू बचत से निकासी का बड़ा भाग भौतिक संपत्तियों में गया
□ महामारी के बाद कई परिवारों की वित्तीय देनदारियां 8.2 लाख करोड़ रुपए बढ़ीं

**मुंबई (भाषा)।**

पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत करीब 55 प्रतिशत गिरकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर आ गई, जबकि इन परिवारों पर कर्ज को बोझ दोगुना से भी अधिक होकर 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से यह जानकारी मिली है।




एसबीआई रिसर्च की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू बचत से निकासी का एक बड़ा हिस्सा भौतिक संपत्तियों में चला गया है और 2022-23 में इन पर कर्ज भी 8.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इनमें से 7.1 लाख करोड़ रुपये आवास ऋण एवं अन्य खुदरा कर्ज के रूप में बैंकों से लिया गया है। पिछले वित्त वर्ष में घरेलू बचत गिरकर जीडीपी के 5.1 प्रतिशत पर सिमट गई, जो पिछले पांच दशक में सबसे कम है। वित्त वर्ष 2020-21 में घरेलू बचत जीडीपी के 11.5 प्रतिशत के बराबर थी, जबकि महामारी से पहले 2019-20 में यह 7.6 प्रतिशत थी।

सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्वपूर्ण जरिया घरेलू बचत ही होती है। ऐसे में परिवारों की बचत का गिरना चिंता का विषय हो सकता है। राष्ट्रीय खातों में घरेलू क्षेत्र के भीतर व्यक्तियों के अलावा खेती एवं गैर-कृषि व्यवसाय जैसे सभी गैर-सरकारी, गैर-कारपोरेट उद्यम, एकल स्वामित्व एवं भागीदारी जैसे प्रतिष्ठान और गैर-लाभकारी संस्थान आते हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा कि महामारी के बाद से परिवारों की वित्तीय देनदारियां 8.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ गईं, जो सकल वित्तीय बचत में हुई 6.7 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि से अधिक है।

इस अवधि में परिवारों की संपत्ति के स्तर पर बीमा और भविष्य निधि एवं पेंशन कोष में 4.1 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। वहीं परिवारों की देनदारी के स्तर पर हुई 8.2 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि में 7.1 लाख करोड़ रुपये वाणिज्यिक बैंकों से घरेलू उधारी का नतीजा है। पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 प्रतिशत आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है। घोष ने कहा कि यह संभवतः निम्न ब्याज दर व्यवस्था के कारण ऐसा हुआ है। इससे पिछले दो वर्षों में घरेलू वित्तीय बचत का स्वरूप घरेलू भौतिक बचत में बदल गया है।

उन्होंने कहा कि वित्तीय परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी घटने से वित्त वर्ष 2022-23 में भौतिक परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत तक पहुंच जाने की उम्मीद है। उनका यह भी मानना है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में सुधार और संपत्ति की कीमतें बढ़ने से भौतिक संपत्तियों की ओर रुझान बढ़ा है। महामारी के दौरान घरेलू ऋण एवं जीडीपी का अनुपात बढ़ा था लेकिन अब उसमें गिरावट आई है।

# पियाजियो ने मोटरसाइकिल खंड में किया प्रवेश

**नई दिल्ली (भाषा)।** इटली के पियाजियो समूह का लक्ष्य भारत में प्रीमियम दोपहिया वाहन खंड में अपनी उपस्थिति बढ़ाना है।

कंपनी उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी पियाजियो व्हीकल्स के जरिए भारत में मौजूद है। उसने अप्रिलिया आरएस 457 का अनावरण करके बढ़ते मध्यम आकार के मोटरसाइकिल खंड में प्रवेश किया।

कंपनी पहले से ही देश में अप्रिलिया और वेस्पा ब्रांड के तहत पांच प्रीमियम स्कूटर माडल बेचती है। पियाजियो व्हीकल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डिएगो ग्राफी ने कहा, 'हमने देखा है कि अधिक से अधिक ग्राहक आवाजाही के लिए अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए कुछ और संतोषजनक चाहते हैं।

वे हर सुविधा से संपन्न माडल की तलाश में हैं, यह चलन विभिन्न देशों में पहले से ही मौजूद है।'

उन्होंने कहा कि भारतीय उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं बढ़ी हैं क्योंकि वे एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए आम वाहन से कुछ अधिक की तलाश करते हैं।

# शेयरों में लगातार तीसरे दिन आई बड़ी गिरावट

□ सेंसेक्स 571 अंक टूटा, निफ्टी 159 लुढ़का

**मुंबई (भाषा)।**

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट लगातार तीसरे दिन जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 570.60 अंक का गोता लगा गया। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच निवेशकों ने वाहन, बैंक और वित्तीय शेयरों में बिकवाली की, जिससे बाजार नीचे आया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के महंगाई को काबू में रखने के लिये इस साल नीतिगत दर में एक बार और वृद्धि के संकेत से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 570.60 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66,230.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.13 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 159.05 अंक यानी 0.80 अंक टूटकर 19,742.35 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत फाइनेंशियल के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख और लंबे समय तक उच्च ब्याज दर की स्थिति के संकेत से घरेलू बाजार में गिरावट आई।



## चीन से सस्ते ड्रॉअर स्लाइडर की डंपिंग के मामले की जांच शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।**

चीन से सस्ते ड्रॉअर स्लाइडर की देश में कथित रूप से डंपिंग किए जाने के मामले में व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने पड़ताल शुरू कर दी है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने चीन में निर्मित टेलीस्कोपिक चैनल वाले ड्रॉअर स्लाइडर की भारत में डंपिंग की जांच शुरू की है। यह कार्रवाई हाईहोप फर्नीचर फिटिंग्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड से मिली शिकायत पर की गई है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा कि चीन से सस्ता ड्रॉअर स्लाइडर भारतीय बाजार में खपाने के पर्याप्त प्राथमिक साक्ष्य मौजूद हैं। इससे घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। महानिदेशालय ने कहा कि चीन में इन उत्पादों का सामान्य मूल्य उनके निर्यात मूल्य से अधिक है। यह संकेत देता है कि इन उत्पादों को चीन के निर्यातक भारतीय बाजार में सस्ते दाम पर खपाने की कोशिश कर रहे हैं। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए डीजीटीआर स्वतः संज्ञान लेकर डंपिंग-रोधी जांच शुरू कर रहा है।

# ग्रामीण श्रमिकों की मुद्रास्फीति में कमी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति इस साल अगस्त में पिछले महीने की तुलना में मामूली रूप से घटकर क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 7.12 प्रतिशत पर आ गई।

श्रम मंत्रालय के अनुसार, 'सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि मजदूर) और सीपीआई-आरएल (ग्रामीण मजदूर) पर आधारित मुद्रास्फीति की 'पॉइंट-टू-पॉइंट' दर अगस्त 2023 में 7.37 प्रतिशत तथा 7.12 प्रतिशत थी, जबकि जुलाई 2023 में यह क्रमशः 7.43 प्रतिशत तथा 7.26 प्रतिशत थी।' अगस्त 2022 में सीपीआई-एएल 6.94 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल 7.26 प्रतिशत रही।

अगस्त में खाद्य मुद्रास्फीति 8.89 प्रतिशत (एएल) और 8.64 प्रतिशत (आरएल) रही, जबकि जुलाई 2023 में यह 8.88 प्रतिशत तथा 8.63 प्रतिशत थी। एक साल पहले समान माह में 6.16 प्रतिशत और 6.21 प्रतिशत थी। अगस्त 2023 में अखिल भारतीय सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमशः नौ अंक और आठ अंक बढ़कर 1,224 अंक तथा 1,234 अंक पर पहुंच गए। पिछले महीने में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमशः 1,215 अंक तथा 1,226 अंक पर थे।




## मुद्रास्फीति में गिरावट के बाद ब्रिटेन में ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर लगा विराम

**लंदन (एपी)।**

ब्रिटेन की मुद्रास्फीति में आश्चर्यजनक गिरावट से मूल्य वृद्धि की गति को लेकर चिंताएं कम होने के बाद बैंक आफ इंग्लैंड ने ब्याज दरों में करीब दो साल से जारी बढ़ोतरी पर विराम लगाया।

केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को अपनी मुख्य ब्याज दर को 15 साल के उच्चतम स्तर 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा। इससे उन लाखों घर मालिकों को राहत मिली है जो ऊंची दरों की मार से प्रभावित हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अब नीति गत दर में बढ़ोतरी को रोकने को तैयार हैं। दर में बढ़ोतरी करने के पीछे बैंकों की मंशा कोविड-19 वैश्विक महामारी और यूक्रेन में रूस के आक्रमण से उत्पन्न मुद्रास्फीति के प्रकोप को रोकना रही है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने भी बुधवार को दरों को यथावत रखा था। बैंक की इस घोषणा से पहले बुधवार को ब्रिटेन की अगस्त माह की मुद्रास्फीति में आश्चर्यजनक गिरावट की खबर आई थी। ब्रिटेन की अगस्त में मुद्रास्फीति अप्रत्याशित रूप से गिरकर 6.7 प्रतिशत हो गई।

# क्रूड महंगा होने के बावजूद 2024 में 6.5% की वृद्धि हासिल करेगा भारत

□ नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने जताई उम्मीद □ कहा, भारत में सकल घरेलू बचत अनुपात लगातार बढ़ा है

**नई दिल्ली (भाषा)।**

नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों तथा जलवायु परिवर्तन के कारण बढी अनिश्चितता के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था करीब 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

विरमानी ने यह भी कहा कि भारत में सकल घरेलू बचत अनुपात लगातार बढ़ा है। नीति आयोग के सदस्य ने एक साक्षात्कार में कहा, 'मेरा वृद्धि अनुमान (भारत की जीडीपी वृद्धि का) 6.5 प्रतिशत है। क्योंकि मुझे लगता है कि वैश्विक जीडीपी में उतार-चढ़ाव से कमोबेश सामंजस्य बैठा लिया गया है।'

अमेरिका स्थित कुछ अर्थशास्त्रियों के भारत के आर्थिक वृद्धि को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का दावा करने पर विरमानी ने कहा कि उन्होंने देखा है कि कुछ पूर्व अधिकारियों को यह पता नहीं था कि जीडीपी का निर्माण कैसे किया जाता है क्योंकि वे अकादमिक पृष्ठभूमि



से आए हैं। वित्त मंत्रालय ने भी पिछले हफ्ते बढ़ी हुई जीडीपी की आलोचना को खारिज किया था और कहा था कि उसने आर्थिक वृद्धि की गणना के लिए आय पक्ष के अनुमानों का इस्तेमाल करने की निरंतर प्रथा का पालन किया है।

मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने पहली तिमाही के आंकड़ों को देखने के बाद अपने अनुमानों में बदलाव किया है।

भारत की 2022-23 की आर्थिक वृद्धि दर (जीडीपी) 7.2 प्रतिशत रही थी, जो 2021-22 से 9.1 प्रतिशत कम है।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के लिए 'कच्चे तेल की कीमतें' चिंता का विषय बनी है।'

विरमानी ने कहा, 'अगर हम 10 साल पहले की बात करें सऊदी अरब और अमेरिका कमोबेश एक ही भू-राजनीतिक मंच पर थे और वे चीजों का समन्वय करते थे। लेकिन पिछले पांच वर्षों में यह स्थिति बदल गई है।'

## रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.06 प्रति डालर पर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 83.06 (अस्थायी) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला।

कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त टिप्पणियों के बाद डालर सूचकांक में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 83.16 पर मजबूत खुला और दिन के कारोबार में 83.02-83.17 के दायरे में रहा। कारोबार के अंत में रुपया डालर के मुकाबले 83.06 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त है।

# लगातार हो रही हरे पेडों की कटाई वन विभाग और पुलिस की मिलीभगत

## वन माफियाओं का नारा, काटो पेड़ चलाओ आरा

निर्मल सैनी

लखनऊ।वन विभाग की सांठगांठ से वन माफियाओं ने तीन अलग–अलग स्थानों पर करीब दो दर्जन से अधिक आम व नीम के हरे भरे पेड़ों पर आरा चलाकर धराशाही कर दिया। लगातार हो रही क्षेत्र मे अवैध कटान वे पर्यावरण खतरा मंडराने लगा है।

सरकार लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिये करोड़ों रूपयों की लागत से गांवों मे वृक्षारोपण कर रही है। लेकिन सरकार के मंसूबों पर वन विभाग की टीम पानी फेरती नजर आ रही है। शुक्रवार को रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा में एक नीम व आम के बाग मे वन विभाग की सांठगांठ से वन माफिया ने आम के हरे भरे करीब एक दर्जन पेड़ों पर आरा चलाकर धराशाही कर दिया। इसी क्रम में मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम घुसुली में पंचायत भवन के पीछे करीब व हटौली में नहर के किनारे

एक दर्जन से अधिक पेड़ों पर खुलेआम आरा चलाकर धराशाही कर दिया गया।

सरकार वृक्षारोपण कर पेड़ लगवाने का काम कर रही है। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारी उन्हीं पेडों पर आरा चलवाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिससे क्षेत्र की हरियाली सहित पर्यावरण खतरे मे जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध लकड़ी माफिया तड़के लकडी कटान जारी कर देते हैं। जो सुबह करीब 9 बजे तक चलता है। अवैध कटान को छिपाने के लिये ठेकेदार ठूंठों को तक खुदवा देते हैं। इसी तरह घुसौली पंचायत भवन के पीछे से कई ठूंठों को जेसीबी के माध्यम से खुदवा कर गायब करा दिया गया।

जब कभी भी वन विभाग को सूचना दी जाती है, तो अधिकारी एक–दो पेडों का जुर्माना कर अवैध कटान को बढ़ावा दे देते हैं। अगर ऐसा ही होता रहा तो कुछ दिनों मे ही क्षेत्र रेगिस्तान बन जायेगा।



# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का हंटर

### एसडीएम मीनाक्षी पांडेय अवैध कब्जेदारों पर सख्त



निर्मल सैनी

लखनऊ।मलिहाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव में ग्राम समाज की चरागाह की भूमि पर हुए अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर चला।शुक्रवार उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय ने प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस बल के साथ पहुंच कर अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई की। आपको बता दें कि तेज तर्रार उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय लगातार तहसील क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध कब्जे को लेकर कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जे को हटाया जा रहा है। इसी कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में ग्राम समाज की चरागाह की भूमि पर अवैध कब्जे को हटवाया गया है। एसडीएम मीनाक्षी पांडेय के इस कार्यवाही से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया, तो वही अवैध कब्जेदारों और अतिक्रमणकारियों में भय व्याप्त है।

# अपराधियों में होना चाहिए पुलिस का खौफ –वीरेंद्र विक्रम

निर्मल सैनी




लखनऊ।पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन व पुलिस के बीच पारदर्शी संवाद स्थापित करना है, जिससे कि आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय का माहौल कायम रहे। वर्तमान समय में बेहतर पुलिसिंग जरूरी हैं ताकि अपराधियों में पुलिस का खौफ एवं भय जरूरी है लेकिन साथ ही आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास होना आवश्यक है। यह बातें सहायक पुलिस आयुक्त वीरेंद्र विक्रम ने कही।

आपको बता दें कि एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम ने कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ होना चाहिए। अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है।खास बातचीत में वीरेंद्र विक्रम ने कहा कि जनता को न्याय मिले, इसके लिए पुलिस काम करेगी। पुलिस समाज के लिए बनी है इसलिए पुलिस को देख समाज में सुरक्षा की भावना पैदा होनी चाहिए। पुलिस की छवि खराब करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# निष्ठा त्रिपाठी हत्या कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### चौबीस घंटे के अंदर हत्यारे को चिनहट पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

निर्मल सैनी



लखनऊ।लखनऊ कमिश्नरेट की चिनहट पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर बाबू बनारसी दास (बीबीडी)की छात्रा निष्ठा त्रिपाठी के हत्यारे को चिनहट पुलिस ने चौबीस घण्टे के अंदर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल समेत धर दबोचा।

ज्ञात हो कि लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित दयाल रेजीडेंसी में बुधवार देर रात दारू पार्टी के दौरान गोली चल गई थी। गोली बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडी) की छात्रा के सीने और कंधे के बीच लग गई थी। इसके बाद घर में मौजूद साथी ने गंभीर अवस्था में उसे लोहिया अस्पताल ले गए थे। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वहीं घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दोस्तों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस हत्या की असल वजह समेत सभी पहलुओं की जांच कर रही थी।इसी क्रम चिनहट थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक राय मय पुलिस बल अतिरिक्त निरीक्षक ब्रजेश कुमार तिवारी, उप निरीक्षक श्री राम गौतम,मुकेश पाल,आरक्षी मंजीत सिंह के साथ आरोपी आदित्य पाठक उर्फ आदित्य पंडित को किसान पथ चढ़ाई के पास से गिरफ्तार कर उसकी निशा देही पर जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नम्बर छः से अवैध पिस्टल,खोखा कारतूस,एक आईफोन मोबाइल,एक शर्त जामातलाशी से एक हजार दो सौ तीस रुपए बरामद हुए।आरोपी के विरुद्ध थाना बांसडीह जनपद बलिया में व थाना चिनहट में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं।

### इंस्टाग्राम से हुई दोस्ती

घटना का मुख्य आरोपी आदित्य देव पाठक उर्फ आदित्य पंडित जो दयाल रेजीडेंसी मटियारी में किराए के प्लेट में निवास करता था,घटना से चार पांच दिन पूर्व बीबीडी की छात्रा निष्ठा त्रिपाठी से इंस्टाग्राम पर संपर्क हुआ था।दोनों के बीच आपसी चौट होने लगी तथा एक दूसरे से मिलने जुलने लगे बुधवारध्बृहस्पतिवार की रात मृतिका निष्ठा त्रिपाठी ने आदित्य के पास फोन करके बताया कि मैं बीबीडी यूनिवर्सिटी में होने वाले गणेश चतुर्थी के प्रोग्राम को देखने आ रही हूं,प्रोग्राम देखने के बाद निष्ठा आदित्य के फ्लैट पर चली गई।तभी किसी बात को लेकर दोनों में बहस हुई आदित्य ने गुस्से में आकर निष्ठा के गोली मार दी।जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई।

# पुलिस ने बैंकों व एटीएम की सघन चेकिंग की

प्रशांत अवस्थी

लखनऊ।पुलिस उपायुक्त उत्तरी के निर्देशन में शुक्रवार को जनपद के समस्त थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले बैंक, एटीएम आदि की गई सघन चेकिंगध की गई। बैंकों एवं एटीएम की चेकिंग कर आम–जन को सुरक्षा का एहसास कराया गया। डीसीपी उत्तरी द्वारा जनपद के समस्त थानों की पुलिस को बैंको की चेकिंग के निर्देश दिए गए थे। पुलिस उपायुक्त उत्तरी के निर्देश के क्रम में पुलिस ने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, एटीएम व बैंकों के आस–पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां पर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवम् बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए आवश्यक दिशा– निर्देश दिए गए।



# सोशल मीडिया पर अवैध असलहे का प्रदर्शन युवक को पड़ा भारी, पुलिस ने भेजा जेल

■लगभग तीन हफ्ते से चल रहा था फरार पुलिस ने दबोचा

■लेकिन यह नवयुवक अवैध असलहे लाते कहां से हैं यह है बड़ा सवाल

बीकेटी लखनऊ लगभग तीन हफ्ते पहले बन्नौर निवासी विपिन रावत ने अवैध असलहे का प्रदर्शन अपने सोशल मीडिया एकाउंट से किया था। फोटो वायरल हुई तो बीकेटी पुलिस सरगर्मी से विपिन रावत को तलाशने लगी। विपिन रावत पुलिस के डर से लगभग तीन हफ्ते फरार रहा लेकिन आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। बीकेटी थानाध्यक्ष ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि युवक इंदौराबाग मोड़ के पास किसान पथ से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया है। युवक विपिन के पास एक बारह बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ विधि संगत कार्रवाई की गई है। युवक जेल चला गया है कुछ दिनों में बाहर आ जाएगा फिर मुकदमा चलेगा पेशियां होंगी लेकिन यहां पर सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि यह अवैध असलहे बनाने वाले व तस्करी करने वाले गिरोह तक पुलिस क्यों नहीं जल्दी पहुंच पाती। विपिन अवैध तमंचा कहीं न कहीं से खरीद कर ही लाया होगा। पुलिस को ऐसे गिरोहों को भी दबोचना चाहिए जो जिन युवाओं के हाथ में कलम किताब होनी चाहिए उन हाथों में चंद पैसों के लालच में असलहा थमा देते हैं। अभी बृहस्पतिवार 21 सितंबर को लखनऊ में बलिया निवासी आदित्य देव पाठक ने शराब के नशे में अपनी महिला मित्र की गोली मारकर हत्या कर दी। वह अवैध पिस्टल मेड इन मुंगेर जाहिर है मुंगेर से यहां तक किसी माध्यम से लाई गई है। आरोपी युवक पुलिस के शिकंजे में लेकिन सवाल यही सबसे बड़ा उठता है कि आखिर अवैध असलहों की तस्करी करने वाले कमिश्नरेट लखनऊ की हाईटेक पुलिस की गिरफ्त में क्यों नहीं आ रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर युवक ने लहराया तमंचा, पुलिस ने आरोपी को अवैध असलहे और एक जिंदा कारतूस के साथ दबोचा

ऋतुराज सिंह तोमर




लखनऊ।बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत में तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालना युवक को पड़ा भारी। मामला संज्ञान में आने के बाद बीकेटी पुलिस ने आरोपी को अवैध असलहे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद युवक के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बीते दिनों सोशल मीडिया पर डाली थी फोटो

जानकारी के अनुसार बीकेटी थाना क्षेत्र के बन्नौर गांव निवासी विपिन उर्फ नितिन पुत्र अशोक रावत ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर अवैध असहले के साथ फोटो डाली थी। पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो इसके बाद से ही आरोपी की तलाश की जा रही थी।शुक्रवार को आरोपी को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके बाद उसके खिलाफ धारा 3ध्25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है।

मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दबोचा

बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध असलहा लहराने की जानकारी मिलने के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।शुक्रवार को उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी अवैध असलहे के साथ क्षेत्र में कहीं जाने की फिराक में है। जिसके बाद उप निरीक्षक अरुण कुमार,मुख्य आरक्षी राकेश कुमार,आरक्षी अंकुर कुमार,सचिन यादव ने आरोपी को लखनऊ सीतापुर रोड पर इंदौरा बाग निर्माणाधीन किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया

बीते दिनों भी आ चुके हैं कई मामले

लखनऊ जनपद में बीते दिनों भी अलग अलग थाना क्षेत्र में इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें नव युवक अपनी धौंस दिखाने के लिए सोशल मीडिया पर अवैध असहले के साथ फोटो डालकर लोगों पर रौंब गांठने की कोशिश करते नजर आए थे। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की थी।

# दिल्ली से लौट रही अठारह वर्षीय आरती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

निर्मल सैनी



लखनऊ।रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन की चपेट में आने से अठारह वर्षीय युवती की मौत हो गई।

आपको बता दें कि शुक्रवार को उन्नाव जनपद के मौरावां थाना क्षेत्र के केदार खेड़ा निवासी लल्लू की पुत्री आरती (18) ट्रेन से मौसेरी बहन अर्चना के साथ दिल्ली से अपने घर जा रही थी। तभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जालामऊ गांव के बगल से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से सफर कर रही। आरती की अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मौसेरी बहन अर्चना ने देखा की आरती सीट पर नहीं है, तो पता चला कि उसकी ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गयी।

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।

इस संबंध में एसओ अजीत कुमार ने बताया कि एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित। RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।